* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपद
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 198

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## प्रोजेक्ट भवन पहुंची इडी की टीम, मचा हड़कंप

# मंत्री आलमगीर तक पहुंच सकती है जांच की आंच

- ग्रामीण विकास विभाग में मंत्री के पीएस संजीव लाल के कमरे की हुई तलाशी, फाइलें जब्त, जाइंट डायरेक्टर कपिल राज भी थे साथ
- संजीव लाल की पत्नी को इडी ने आज पूछताछ के लिए बुलाया




### मंत्री आलमगीर आलम पर भी कसेगा शिकंजा!

**बुधवार को इडी ने जिस तरह से ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के कार्यालय और उनके विभाग से जुड़े विभिन्न कोषांगों की तलाशी ली है, वहां से कागजात बरामद किये हैं, इससे इस बात की प्रबंल संभावना बनती जा रही है कि देर-सबेर मंत्री आलमगीर आलम तक भी इडी पहुंच सकती है। संजीव लाल के तार सीधे-सीधे मंत्री आलमगीर आलम से जुड़ रहे हैं। यह संभव ही नहीं है कि बगैर मंत्री की सहमति के इतने बड़े पैमाने पर कमीशन का खेल हो।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य बनने के बाद पहली बार इडी ने सरकार के एक बड़े मंत्रालय की तलाशी के लिए पहुंची। बुधवार को दिन के करीब 12.30 बजे झारखंड मंत्रालय में उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब कर्मियों को यह पता चला कि इडी के अधिकारी पहुंचे हैं। अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल को लेकर मंत्रालय पहुंचे थे। प्रोजेक्ट भवन में मंत्री के कार्यालय में इडी की टीम पहुंची थी, इस भवन के दूसरे तल्ले में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और ओएसडी का कार्यालय है। पूरा विभाग एपीपी बिल्डिंग में चलता है। उसके ड्रावर से दो लाख रुपये नगद मिले हैं। तलाशी के दौरान इडी को वह फाइल भी हाथ लगी है, जिसमें नेताओं ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए पैरवी की है। वे फाइलें भी हाथ लगी हैं, जिनमें टेंडर में खेल हुआ है। इडी ने मंत्री सेल में भी दबिश दी और वहां से कुछ फाइलों की फोटो कॉपी भी अधिकारियों ने ली। बता दें कि न्यायालय ने संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम से पूछताछ के लिए छह दिन की रिमांड दी है। इडी के अधिकारियों ने पहले ही दिन यह जानने की कोशिश की कि कमीशन का हिस्सा किन-किन नेताओं और अधिकारियों के पास पहुंचता है। कार्यालय से हाथ से लिखे कुछ कागज भी मिले हैं। इडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से छापामारी कर करीब 32 करोड़ रुपये बरामद किये थे। यह रकम महज तीन माह में वसूली गयी थी। यह दावा इडी के अधिकारियों ने ही किया है। साथ ही गाड़ीखाना स्थित सैय्यद रेजिडेंसी में जो फ्लैट जहांगीर आलम के नाम से लिया गया था, वह सिर्फ नोट रखने के लिए ही था।

**इस तरह जहांगीर तक पहुंचे थे इडी के अफसर:** इडी के अधिकारियों को एक गुमनाम पत्र मिला था, जिसमें इस बात की चर्चा थी कि ग्रामीण विकास में कमीशन का खेल किस तरह से चल रहा है। उस पत्र में संजीव लाल का नाम था। अधिकारी जांच करने की स्थिति में नहीं थे। कोई आधार हाथ में नहीं था। इसी बीच इसी विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के बयान और कमीशन, लेने-देने के कबूलनामे को आधार बना कर जांच शुरू की गयी। फोकस संजीव लाल पर था। उनके घर की निगरानी रखी जा रही थी।

(शेष पेज 04)

शर्मनाक

## भारत में पूर्व के लोग चीनी, पश्चिम के लोग अरब... -सैम पित्रोदा

# बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुस्से में

- तेलंगाना रैली में मोदी ने कहा, शहजादे को इसका जवाब देना होगा
- घिरता देख कांग्रेस ने बयान से झाड़ा पल्ला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आग बबूला हो गये हैं। तेलंगाना की रैली में उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी। शहजादे को इसका जवाब देना होगा। उधर, कांग्रेस ने खुद को घिरता देख पित्रौदा के बयान से किनारा कर लिया है। कांग्रेस नेता सफाई देते फिर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

**क्या कहा सैम पित्रौदा ने:**

सैम पित्रोदा ने एक हालिया इंटरव्यू में भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूरब के लोग चीनी जैसे लगते हैं। पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं। उत्तर के लोग गोरों जैसे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं। पित्रौदा का रंगभेद पर यह बयान शर्मनाक माना जा रहा है। उन्होंने पहली बार इस तरह का बयान नहीं दिया है। हाल में उन्होंने 'विरासत टैक्स' पर बयान दिया था, जिसके बाद कांग्रेस अपने को असहज महसूस करने लगी। भाजपा ने उसे घेर लिया।

**लोगों को गाली बर्दाश्त नहीं: मोदी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा, लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देख कर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सिर पर लेकर नाचने वाले लोग देश का अपमान कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने किया किनारा:** पित्रौदा के बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और इनसे किनारा करती है। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता तहसीन पूनावाला ने भी पित्रोदा के बयान पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह तय करना पड़ेगा कि क्या सैम पित्रोदा को उनके लिए बोलना चाहिए या नहीं। हर बार वह जब भी बयान देते हैं तो विवाद हो जाता है।



### शहजादे ने अडाणी-अंबानी को गाली देना बंद किया: मोदी

- बतायें, रातों-रात ऐसी क्या डील हुई, जो चुप्पी साध ली, क्या टेंपो भर कर माल पहुंचा है
- कांग्रेस नेताओं ने मोदी के बयान पर दी प्रतिक्रिया

**करीमनगर (आजाद सिपाही)। तेलंगाना रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैम पित्रौदा के बयान पर नाराजगी जाहिर करने के साथ-साथ अडाणी-अबांनी पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति, अंबानी और अडाणी, लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपये मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भर कर माल पहुंचा है?**

**प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा। थर्ड फेज की वोटिंग के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गये हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के असली रुझान हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा बोले, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी जी अडाणी-अंबानी का नाम नहीं लेते। सच्चाई ये है कि 3 अप्रैल से अब तक राहुल गांधी जी 103 बार अडाणी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके हैं।**

# आरक्षण और धर्म कोड राजभवन रोकता है भाजपा आदिवासियों से वोट मांगती: चंपाई

- मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजभवन ओबीसी आरक्षण और आदिवासी सरना कोड से संबंधित प्रस्ताव को रोक देता है। फिर भी भाजपा के नेता आदिवासियों से वोट मांगने झारखंड आ जाते हैं। दरअसल, सीएम चंपाई हाल में हुए पीएम मोदी के झारखंड दौरे पर तंज कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, झारखंड में 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति, 27% ओबीसी आरक्षण तथा आदिवासी/ सरना धर्म कोड जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को सालों-साल राजभवन द्वारा रुकवाया जाता है। उसके बाद भी, पता नहीं कैसे ये आदिवासी विरोधी लोग झारखंड में वोट मांगने आ जाते हैं। इस बीच सीएम चंपाई चुनाव प्रचार की गहमागहमी के बीच एक ढाबे पर मंत्री बन्ना



गुप्ता और सत्यानंद भोक्ता के साथ चाय पर चुनावी चर्चा करते हुए दिखे।

**झारखंड की जनता अब जागरूक हो चुकी है :** चंपाई ने कहा, झारखंड की जनता अब जागरूक हो चुकी है। उसे अच्छी तरह से पता है कि कौन उसके हितों की रक्षा कर सकता है। कौन उसके नाम पर सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहा है। वन संरक्षण संशोधन अधिनियम जैसे कानून के सहारे हमारे जल-जंगल और जमीन को निशाना बनाने वालों को इन चुनावों में करारा जवाब मिलेगा। कहा, इसका अंदाजा खुद भाजपा को भी हो चुका है। इसीलिए अब 400 पार वाला नारा ये लोग भूल चुके हैं।














## भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

# ठगबंधन सरकार का चरित्र भ्रष्टाचार बढ़ाओ-भ्रष्टाचारी बचाओ : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र जारी करते हुए झारखंड की गठबंधन सरकार की सच्चाई बतायी। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। उन्हें बचाने रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता में बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकोड़ा समझती है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड की विरोधी रही है।

- आरोप पत्र समिति के संयोजक सीपी सिंह, सह संयोजक प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थ्से
- आरोप पत्र में पूर्ववर्ती हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के कारनामे सहित हेमंत सरकार पार्ट-2 की भी चर्चा
- गठबंधन सरकार की विफलताओं के साथ मोदी सरकार की उपलब्धियां को भी आरोप पत्र में किया गया है शामिल

(आरोप पत्र के मुख्य बिंदु देखें पेज 04 पर)

# बदल रहा है तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों का मिजाज

## ■ 'मोदी बनाम एंटी मोदी' के आगे एक-एक कर ध्वस्त हो रहे हैं स्थानीय मुद्दे

## ■ प्रचार अभियान में सुदेश के उतरने से अर्जुन मुंडा को मिला बड़ा सहारा

## ■ हर दिन खूंटी के गांवों में पसीना बहा रहे हैं अर्जुन और कालीचरण मुंडा

**आजाद सिपाही विशेष**

खूंटी लोकसभा सीट झारखंड की सभी 14 सीटों में से खासी चर्चित सीट है, क्योंकि यहां केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भाजपा की तरफ से लगातार दूसरी बार उम्मीदवार हैं। इस सीट पर 2019 में बहुत ही टाइट फाइट हुई थी। अर्जुन मुंडा ने इस सीट को मात्र 1445 वोटों के अंतर से जीता था। जब से लोकसभा चुनाव का आगाज हुआ है, तभी से यह सीट चर्चा के केंद्र बनी हुई है। इस बार भी यहां टाइट फाइट की उम्मीद है। इस सीट पर दो प्रमुख प्रत्याशियों एनडीए से अर्जुन मुंडा और इंडी गठबंधन से कालीचरण मुंडा ताल ठोंक रहे हैं। दोनों प्रत्याशियों का जनाधार इस क्षेत्र में खासा मजबूत है। कोई भी किसी से कम नहीं है। शुरूआती दौर में खूंटी स्थानीय मुद्दों को लेकर मुखर था, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, यहां स्थानीय मुद्दा गौण होता दिख रहा है। यहां का चुनाव अब 'मोदी बनाम एंटी मोदी' हो गया है, यानी राष्ट्रीय मुद्दा खूंटी में हावी है। वैसे भी लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर ही आधारित रहता है। इस लोकसभा सीट पर शुरूआती दौर में अर्जुन मुंडा को लेकर कुछ नाराजगी थी, जिसे खुद अर्जुन मुंडा ने महसूस भी किया। वह सभाओं में मान भी रहे हैं कि भले उनका क्षेत्र में दौरा कम रहा, लेकिन उन्होंने कभी भी खूंटी को अपमानित करनेवाला काम नहीं किया। वह केंद्र में रहे, लेकिन उनके दिल में सदा खूंटी रही। उन्होंने खूंटी के लिए बहुत से विकास कार्य किये। सबसे बड़ी बात तो यह रही कि केंद्र की सभी योजनाओ का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है, जिसे ग्रामीण भी स्वीकार रहे हैं। अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है, भारत पेट्रोलियम का भी संयंत्र यहां बना है। नल-जल योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने तमाड़ में एग्रो रिचर्स भी शुरू करवाया है। उनकी कोशिश है कि खूंटी के हर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की स्थापना हो। आजाद सिपाही की टीम ने बुंडू-तमाड़ के गावों का कई बार दौरा किया। चूंकि तमाड़ विधानसभा खूंटी लोकसभा का डिसाइडिंग फैक्टर रहा है, तो यहां का मिजाज बहुत मायने रखता है। शुरूआती दौरे और हाल के दौरों में इस क्षेत्र में प्रत्याशियों को लेकर बहुत फर्क दिखाई पड़ रहा है, जिसे साझा करना जरूरी भी है। वैसे अब आजसू भी पूरे तरीके से तैयार दिख रही है। सुदेश महतो ने खुद इस इलाके की कमान संभाल ली है। उनका मानना भी है कि हम एक ही परिवार हैं और कोई तीसरा परिवार के बीच में आये, वह होने नहीं दिया जायेगा। मंगलवार को बुंडू में हुई आजसू कार्यकर्ताओं की बैठक में सुदेश महतो ने कहा कि कार्यकर्ताओं की यह शिकायत थी कि अर्जुन मुंडा ने क्षेत्र में कम समय दिया है। लेकिन इसके पीछे ठोस कारण भी है। दो साल तक कोरोना काल, कुछ दिनों तक अर्जुन मुंडा का स्वास्थ्य खराब होना और तीसरा केंद्र में महत्वपूर्ण मंत्रालय का भार एक बड़ा कारण रहा, उनकी कम उपस्थिति का। उन्होंने कहा कि आप लोगों की कुछ शिकायतें जायज हैं, लेकिन उन शिकायतों का सम्मानपूर्ण हल अर्जुन मुंडा ही करेंगे, हम यह आपको पक्का आश्वासन देते हैं। इस सभा में कुछ ऐसे प्रभावशाली लोग भी शामिल हुए, जो पिछली बार पूरी तरह से खिलाफ थे। सुदेश महतो के खुद मैदान में आने से यहां की स्थिति अर्जुन मुंडा के पक्ष में और सुधरेगी। सुदेश महतो ने तगड़ी टीम तैयार की है और पूरी शिद्दत के साथ एनडीए गठबंधन के प्रचार अभियान को धार देने में लगे हैं। फिलहाल क्या है खूंटी लोकसभा के बुंडू-तमाड़ में प्रत्याशियों को लेकर माहौल, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

मंगलवार को आजाद सिपाही की टीम ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुछ गावों का दौरा किया। ये गांव चुनावी परिदृश्य को लेकर बहुत महत्ववूर्ण भी हैं। ये गांव नक्सल प्रभावित भी रहे हैं। रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के भी गवाह ये गांव रहे हैं। सबसे पहले हम बात करेंगे तिरुलडीह गांव की।

### जागरूक हैं तिरुलडीह गांव के लोग

जब हम इस गांव के लिए निकले, तो देखा कि अर्जुन मुंडा का भी काफिला इसी गांव की ओर बढ़ रहा था। सो हमने भी अपनी गाड़ी उनके काफिले के पीछे लगा दी। तिरुलडीह में अर्जुन मुंडा की सभा होनी थी। इस गांव में अर्जुन मुंडा का पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ। ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ अर्जुन मुंडा के समर्थकों ने उनका स्वागत किया। अर्जुन मुंडा को सुनने काफी ग्रामीण आये हुए थे। यहां एक बात जो मैंने नोटिस किया, वह यह कि यहां सड़क बहुत अच्छी थी, बिजली भी गांव में थी, करीब-करीब गांव के सभी घरों के बाहर 100 वाट का बल्ब टंगा हुआ था, जो जल भी रहा था। उन्हें बंद नहीं किया गया था, यानी बिजली थी। वक्त था करीब दिन के ढाई बजे का। पानी की भी व्यवस्था बहुत अच्छी दिखाई पड़ी। गांव में जो पानी की टंकियां लगी थीं, उनमें पानी भरपूर मात्रा में आ रहा था। अर्जुन मुंडा को देखने गांव के ग्रामीण डंडे के सहारे पहुंच रहे थे। गांव के बच्चे बड़ी-बड़ी गाड़ियों को देख कर उत्साहित थे। महिलाएं भी दुधमुंहे बच्चों को बगल में टांग कर सभा में अर्जुन मुंडा को देखने पहुंच रही थीं। इस गांव में एक बात और दिखी। बहुतों के हाथों में स्मार्ट फोन था। उस फोन से ग्रामीण अर्जुन मुंडा की वीडियो और तस्वीरें ले रहे थे। देख कर अच्छा लगा कि सभी सोशल मीडिया से भी जुड़े होंगे और उन तक राज्य और देश की जानकारियां भी पहुंच रही होंगी, यानी इन गांवों के लोगों को कोई भी प्रत्याशी भ्रमित नहीं कर सकता। खैर, अर्जुन मुंडा की सभा शुरू हुई। उसी बीच मैंने वहां के कुछ स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत भी शुरू कर दी। ग्रामीणों को केवल भाजपा का समर्थक इसलिए भी नहीं कहा जा सकता था, क्योंकि गांव के अधिकतर लोग वहां पहुंचे थे। उनकी अलग-अलग राय भी पता चली। कुछ ग्रामीणों ने माना कि अर्जुन मुंडा बढ़िया नेता हैं। हमारे बीच उन्हें लेकर कोई नाराजगी नहीं है। गांववालों ने स्वीकारा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। मुफ्त राशन, इलाज, गैस, घर, शौचालय उन्हें मिला है। मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही आयुष्मान भारत योजना के तहत कइयों की जान भी बची है। बहुत से लोगों ने अपना मुंह नहीं खोला। शायद वे अपना पत्ता नहीं खोलना चाहते थे। कुछ ग्रामीणों को प्रत्याशियों से कुछ और भी उम्मीदें थीं। कुछ बुजुर्ग कह रहे थे, पेंशन नहीं मिलती। कुछ का कहना था कि खाने-पीने को देगा, तभी न वोट करेंगे। कुल मिला कर तिरुलडीह गांव में अर्जुन मुंडा को लेकर पॉजिटिव फीडबैक रहा। वहीं कालीचरण मुंडा को लेकर भी लोगों के बीच कोई नकारात्मकता नहीं दिखी। यहां के ग्रामीण बहुत जागरूक हैं। उन्हें पता है कि कौन सा प्रत्याशी उनके काम का है। तिरुलडीह गांव नक्सल प्रभावित गांव रहा है। पिछले सात-आठ साल से यहां की स्थिति सुधरी है। लोगों का आना-जाना बढ़ा है, नहीं तो पहले इस क्षेत्र में आने से भी लोग डरते थे। उस दौर में यहां के लोग वोट देने भी नहीं निकलते थे। लेकिन रघुवर दास सरकार के दौरान जिस प्रकार से नक्सलियों पर दबिश दी गयी, उससे नक्सलियों की कमर टूट गयी। यह वही गांव है, जो रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड का गवाह भी है। एक स्कूल के कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी थी।



### बारिहातु गांव तक पहुंचा विकास

उसके बाद आजाद सिपाही की टीम बारिहातु गांव की ओर बढ़ी। उस गांव में भी अर्जुन मुंडा की सभा होनी थी। यहां पर भी अर्जुन मुंडा का स्वागत पारंपरिक तरीके से हुआ। ढोल-नगाड़ों और नृत्य से स्वागत हुआ। बारिहातु वही गांव है, जहां के एक नक्सली पर लाखों का इनाम है। यह गांव भी सड़क, बिजली और पानी के मामले में विकसित दिखा। यहां एक और बात करनी जरूरी है कि इन सभी गांवों में अब पक्के मकान भी बन रहे हैं। यहां की दुकानों में ठंडा पानी भी मिला। कोल्ड ड्रिंक्स भी मिला। चूंकि बिजली थी, तो सब ठंडा था। यहां भी अर्जुन मुंडा को देखने लगभग गांव के लोग पहुंच गये थे। घंटों अर्जुन मुंडा का इंतजार भी उन्होंने किया। अर्जुन मुंडा को लेकर तरह-तरह कि प्रतिक्रियाएं भी यहां दिखीं। इस गांव में मुंडा जाति को लेकर ज्यादा प्राथमिकता दिखी। मुंडा-पातर करते दिखे लोग, लेकिन उनका यह भी कहना था कि मुंडा-पातर सब एक ही हैं। कइयों ने खुल कर अर्जुन मुंडा के पक्ष में बात की। कुछ लोग जरूर नाराज दिखे, क्योंकि उन्होंने सीधे मुंह बात भी नहीं की। बोले, हमको कुछ नहीं बोलना है। एक व्यक्ति तो सही में गुस्से में था। पता नहीं शायद उसका मिजाज ही वैसा हो। कुछ गांववाले मोदी के कार्यों की प्रशंसा कर रहे थे। केंद्रीय योजनाओं को लेकर बहुत मुखर और बहुत खुश दिखाई दिये। भले दूर से लगता हो कि गांववाले मुफ्त राशन को कोई मोल नहीं देते होंगे, लेकिन जब आप उनसे बात कीजियेगा, तो समझियेगा कि मुफ्त राशन का उनकी जिंदगी में कितना सकारात्मक प्रभाव है। कइयों ने कहा कि मोदी सरकार अगर मुफ्त राशन नहीं देते, तो हम कोरोना काल में तो ऊपरे चले जाते। वैसे अर्जुन मुंडा को लेकर मैंने कई ग्रामीणों से सवाल किया, तो गांव वालों में उन्हें लेकर वैसी नाराजगी नहीं दिखी, जो शुरुआती दौरों में दिखाई पड़ी थी। अर्जुन मुंडा में भी बहुत परिवर्तन दिख रहा है। वह खूब पसीना बहा रहे हैं। कार्यकर्ताओं और गांववालों से उनका संवाद बढ़ा है। कार्यकर्ताओं को वह बड़े ही प्यार से गले लगा रहे हैं। कार्यकर्ता इससे अपने को सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

### सुदेश महतो ने खुद संभाल ली है कमान

वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने खुद खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की कमान संभाल ली है। तमाड़ एनडीए के नजरिये से बहुत फर्क ला सकता है। यही वह क्षेत्र है, जहां से अर्जुन मुंडा जीत का अंतर बड़ा बना सकते हैं। 2019 में तमाड़ से अर्जुन मुंडा को 86352 वोट मिले थे, वहीं कालीचरण मुंडा को 44871 वोट मिला था। यहां अर्जुन मुंडा को 41,481 वोट की बढ़त मिली थी। इस क्षेत्र में आजसू बहुत बड़ा फैक्टर है। खुद सुदेश महतो के मैदान में उतरने से अर्जुन मुंडा को बहुत राहत मिली है। वहीं राजा पीटर का भी इस क्षेत्र में अपना वोट बैंक है। वह भी अर्जुन मुंडा के समर्थन में आ चुके हैं। राजा पीटर के वोटर साइलेंट हैं, लेकिन चुनाव में बड़ा फर्क ला सकते हैं। यह भी अर्जुन मुंडा के लिए प्लस होगा। कुल मिला कर खूंटी लोकसभा का रण दोनों प्रत्याशियों के लिए सज चुका है। सब अपने-अपने कमजोर और मजबूत क्षेत्रों में अपना-अपना समीकरण बिठा रहे हैं। खूंटी लोकसभा की फाइट अंत तक जायेगी और खूंटी लोकसभा चुनाव और उसका परिणाम बड़ा रोमांचक होनेवाला है। दौरे से यह स्पष्ट हो गया कि जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, भाजपा कार्यकर्ताओं की गतिविधियां बढ़ रही हैं। कार्यकर्ता एक-एक गांव में जा रहे हैं और मोदी के नाम पर अर्जुन मुंडा के लिए वोट मांग रहे हैं।

# सीतारमण आज आ रही रांची, अमित शाह और राजनाथ सिंह आयेंगे कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नेताओं का झारखंड दौरा लगातार जारी है। इस बीच केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को रांची आ रही हैं। वह पूर्वी भारत में निवेश की संभावनाओं को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित की जा रही इंटरैक्टिव मीटिंग में शामिल होंगी। यह बैठक 9 मई की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल रैडिशन ब्लू में होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को



लेकर बुधवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति और पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक हुई। इंटरैक्टिव मीटिंग में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को झारखंड दौरे पर आयेंगे। वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। झारखंड पहुंचने बाद वह रांची होकर खूंटी जायेंगे। खूंटी में 11 बजे कार्यक्रम होगा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 मई को बोकारो आ रहे हैं। वह भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी अर्जुन मुंडा के पक्ष में 10 मई को सिमडेगा में सभा करेंगे।

# मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** सेना की कब्जे वाली जमीन घोटाला से जुड़े जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया। मामले में इससे पूर्व अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। मामले में 10 आरोपियों पर आरोप गठन होना है। इससे पूर्व इनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दायर की गयी है। बता दें कि सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन मामले में ये आरोपी हैं।

# एक्शन में सीएम चंपाई: झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई के दिये आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की



अनुशंसा की गयी है। इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजी थी, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

**इन अधिकारियों पर कार्रवाई**

- रवींद्र कुमार सिंह, रिटायर
- जयदीप तिग्गा, झाप्रसे
- रविशंकर रिटायर
- लखी राम बास्के, झाप्रसे
- जीतेंद्र कुमार देव, झाप्रसे
- मुकुंद दास रिटायर
- संदीप बक्शी, झाप्रसे

# चमरा लिंडा के निलंबन से कांग्रेस में जश्न

## निलंबन से लिंडा समर्थकों को नहीं पड़ा कोई फर्क

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी बहुल लोहरदगा लोकसभा सीट में चुनावी सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच राजनीतिक हलके में चर्चित झामुमो विधायक सह निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के विरुद्ध झामुमो आला कमान द्वारा पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने और पार्टी सदस्यता से निलंबित करने का फरमान जारी होने के बाद स्थानीय स्तर पर सियासी तापमान बढ़ गया है। झामुमो नेतृत्व द्वारा इस संदर्भ में पत्र जारी करने के बाद पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो गया। झामुमो से निलंबित कर प्रत्याशी चमरा लिंडा के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थकों का लगातार दबाव इंडी गठबंधन पर पड़ रहा था। यह दबाव तब और बढ़ गया, जब



भंडारा प्रखंड क्षेत्र में चमरा लिंडा ने अपने बूते विशाल जनसभा आयोजित कर चुनाव में अपनी सशक्त दावेदारी प्रस्तुत की थी। झामुमो से निलंबन पत्र जारी होने के बाद कांग्रेसी खेमे में एक नयी ऊर्जा का संचार होना माना जा रहा है। कांग्रेस के वरीय नेताओं ने इस संदर्भ में कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का मुकाबला सीधा भाजपा प्रत्याशी से है। इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा की आवश्यकता नहीं थी। बावजूद, कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए उन्होंने नामांकन किया। कहा गया कि आदिवासी समाज का दावा भी झामुमो संगठन पर कार्रवाई करने के लिए लगातार बना था। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि प्रत्याशी चमरा लिंडा पर झामुमो की कार्रवाई से अब लोकसभा चुनाव में साठ सत्तर प्रतिशत आदिवासी समाज का झुकाव और वोटिंग कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की ओर होगी। निलंबन की कार्रवाई से आदिवासी समाज अब गुमराह नहीं होगा।

इधर, निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा खेमे में निलंबन की कार्रवाई से कोई फर्क नहीं पड़ा है। चमरा लिंडा के समर्थकों ने कहा कि चुनाव समाप्त होने के तत्काल बाद बिशनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा पुनः झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे। कहा गया कि निलंबन पत्र पर गौर से देखा जाये उन्हें हटाया नहीं गया है। सिर्फ तत्काल कांग्रेस के दबाव में निलंबन का पत्र जारी किया गया है। कहा गया कि निलंबन पत्र के वायरल होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी खेमा में झूठा जश्न मनाना हास्यास्पद है। लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के साथ होगा। कांग्रेस प्रत्याशी इस चुनाव में नहीं टिकेंगे। फिलहाल कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा दोनों अपना मुख्य प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के समीर उरांव को मान कर चल रहे हैं। अब चुनाव में देखना होगा कि किसकी दावेदारी में कितना दम है।

# गैंगरेप से आहत छात्रा की आत्महत्या पर हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गैंगरेप से आहत 25 वर्षीय छात्रा की आत्महत्या पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इसके बाद पीएलवी संपा दास और प्रीति पाल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

**संदर्भः गुमला में राहुल गांधी का भाषण**

# मीडिया को आइना क्यों दिखा रहे हैं कांग्रेस के युवराज


राहुल सिंह

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी झारखंड की अपनी पहली चुनावी यात्रा के दौरान मंगलवार को चाइबासा और गुमला के बसिया में थे। उन्होंने अपने भाषण में अपनी या अपनी पार्टी की बातें कम और मीडिया के बारे में अधिक कहा। इसके बाद से ही हवा में यह सवाल तैर रहा है कि आखिर राहुल गांधी ने उस मीडिया को आइना दिखाने की कोशिश क्यों की, जिसका गला घोंटने की कोशिश उनकी ही पार्टी पिछले 65 साल में कई बार कर चुकी है। मीडिया के प्रति कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड कितना दागदार है, यह किसी से छिपा नहीं है।

### कांग्रेस और मीडियाः कुछ ऐतिहासिक तथ्य

इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने मीडिया के साथ कभी इंसाफ नहीं किया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस को



मौका नहीं मिला। 1938 में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने लखनऊ से नेशनल हेराल्ड नामक अंग्रेजी अखबार निकाला। कालक्रम में उसका हिंदी संस्करण भी निकला। लेकिन आजादी के बाद से ही कांग्रेस के शासनकाल में उन दोनों अखबारों की हालत इतनी बदतर बना दी गयी कि दोनों बंद हो गये। इस प्रकाशन संस्थान में निवेश की गयी लगभग पांच हजार करोड़ की पूंजी की बंदरबांट की गयी और स्थिति यह है कि कांग्रेस के वर्तमान दौर के बड़े नेता, चाहे वह राहुल गांधी हों या सोनिया गांधी, इस कंपनी से जुड़े घोटाले में फंसे हुए हैं और जमानत पर हैं।

### नेहरू ने पटेल को लिखा पत्र

आजादी के फौरन बाद हालांकि पंडित नेहरू ने मीडिया को स्वतंत्र रखने का वादा किया, लेकिन कुछ ही महीने बाद उन्होंने मीडिया में छप रही खबरों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल को पत्र लिख कर कहा कि प्रेस सरकार का सहयोग नहीं कर रहा है। इसलिए उसे 'पटरी पर लाने के लिए कुछ किया जाना चाहिए'। इतना ही नहीं, पंडित नेहरू और सरदार पटेल ने फ्री प्रेस जर्नल के एस सदानंद को एक खबर नहीं छापने को कहा, लेकिन सदानंद नहीं माने। खबर थी गुजरात के जुंतागढ़ को भारतीय संघ में विलय कराने के लिए सैनिक कार्रवाई की तैयारी। सदानंद उस समय देश के सभी प्रमुख शहरों से अपने अखबार का संस्करण निकालने की तैयारी कर चुके थे और भारी पूंजी निवेश किया था। खबर छपने के बाद नेहरू जी के कहने पर उन्हें दी गयी तमाम सुविधाएं वापस ले ली गयीं। सदानंद को करारा झटका लगा और उन्हें मस्तिष्काघात हुआ और बाद में उनकी मौत हो गयी।

### इमरजेंसी, कांग्रेस और मीडिया

1975 में देश में इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी लगायी और उस दौरान मीडिया के साथ क्या व्यवहार हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। तत्कालीन सूचना प्रसारण मंत्री विद्याचरण शुक्ल को अपने आका संजय गांधी से निर्देश मिलता था और किसी भी अखबार के किसी भी पत्रकार को पुलिस उठा लेती थी। इमरजेंसी के दौरान देश भर में करीब ढाई हजार मीडिया कर्मियों को जेल में बंद किया गया था।

### कांग्रेसी नेताओं ने भी कई अखबार निकाले

ऐसा नहीं है कि कांग्रेसी नेताओं ने अखबार नहीं निकाले, लेकिन आज की तारीख में कोई भी अखबार वे नहीं निकाल रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी के पास अपना मुखपत्र भी नहीं है, जबकि हर छोटा-बड़ा संगठन अपना मुखपत्र जरूर निकालता है। बिहार में डॉ जगन्नाथ मिश्र ने पाटलिपुत्र टाइम्स निकाला, जो बाद में बंद हो गया। इसी तरह मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह के संरक्षण में दैविक चाणक्य निकला, जो कुछ ही दिन चल सका। रांची में ज्ञानरंजन ने प्रभात खबर की नींव रखी, लेकिन कुछ ही सालों में इसकी हालत इतनी बदतर हो गयी कि ज्ञानरंजन को इसे दूसरे प्रबंधन के हाथों बेच देना पड़ा। अगर प्रभात खबर दूसरे प्रबंधन के हाथ में नहीं जाता, तो आज शायद वह इतिहास बन चुका होता। इन अखबारों में 'स्वतंत्रता' का क्या स्तर रहा होगा और यहां कार्यरत कर्मियों के साथ कैसा व्यवहार होता होगा, यह कल्पना आसानी से की जा सकती है।

### पिछले 10 साल में मीडिया और कांग्रेस

2014 में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गयी और इसके साथ ही मीडिया से उसकी दूरी बढ़ने लगी। दरअसल कांग्रेस कभी भी मीडिया फ्रेंडली नहीं रही। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के पहले कार्यकाल में उनके प्रेस सलाहकार रहे संजय बारू ने एक किताब लिखी, जिसका शीर्षक है 'एन एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टरः मेकिंग एंड अनमेकिंग ऑफ डॉ मनमोहन सिंह'। इस किताब में तत्कालीन सरकार का मीडिया के साथ रिश्तों के बारे में विस्तार से खुलासा किया गया है। किताब में कहा गया है कि किस तरह मीडिया पर सीधे पीएमओ से दबाव डाला जाता था।

### राहुल गांधी की दोहरी नीति

अब एक नजर राहुल गांधी की आदिवासी-दलित प्रेम की वास्तविकता पर। राहुल गांधी ने गुमला की सभा में कहा कि कांग्रेस ही आदिवासियों-दलितों को उनका हक-अधिकार दे सकती है। इसके पहले भी जब-जब राहुल गांधी झारखंड में आये, उन्होंने बार-बार यह दिखाना चाहा कि आदिवासियों और दलितों का उनसे बड़ा हितैषी और कोई नहीं। लेकिन जब कांग्रेस संगठन या कांग्रेस शासित राज्यों में आदिवासी, दलित और पिछड़ों को पद देने की बात आती है, तो उस समय राहुल इन्हें पूरी तरह उपेक्षित कर देते हैं। क्या राहुल गांधी इस बात का कोई जवाब देंगे कि झारखंड, बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश, कांग्रेस का एक भी प्रदेश अध्यक्ष दलित या आदिवासी क्यों नहीं है। क्या इन राज्यों में राहुल गांधी की नजर में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी योग्य नहीं है, जिसे काग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सके। इतना ही नहीं, जहां भी कांग्रेस की सरकार है, वहां दलितों-आदिवासियों का उसमें कितना प्रतिनिधित्व है, यह भी देखनेवाली बात है। झारखंड का उदाहरण सामने है। यहां राहुल गांधी ने किसी दलित को मंत्री क्यों नहीं बनाया, यह वही जानते हैं। कहने के लिए आदिवासी के नाम पर उन्होंने रामेश्वर उरांव को झारखंड कैबिनेट में जरूर जगह दी, लेकिन प्रदेश का वर्तमान नेतृत्व उन्हें कितना सम्मान देता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

### भ्रष्टाचार और कांग्रेस का रिश्ता

जहां तक भ्रष्टाचार और कांग्रेस के रिश्ते का सवाल है, तो अभी झारखंड में कांग्रेस कोटे के मंत्री के करीबी के यहां से बरामद नगदी का पहाड़ सुर्खियों में है। इससे पहले झारखंड से ही उसके एक सांसद के यहां से बरामद साढ़े तीन सौ करोड़ की नगदी का मामला सामने आ चुका है। भ्रष्टाचार के जितने मामलों में कांग्रेसी नेता और समर्थक फंसे हुए हैं, वह एक रिकॉर्ड है। चुनावी बांड के मामले में भी राहुल गांधी ने भाजपा को घेरने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं बताया कि उनकी पार्टी ने इलेक्टोरल बांड के जरिये चंदा क्यों लिया। यदि कांग्रेस को भी भाजपा जितना चंदा मिल गया होता, तो फिर राहुल गांधी की जुबान बंद हो गयी होती।

कुल मिला कर राहुल गांधी का गुमला में दिया गया भाषण उसी कहावत को चरितार्थ करता है, जिसमें कहा गया है कि 'नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'। अपनी पार्टी के ट्रैक रिकॉर्ड पर नजर दौड़ाये बिना मीडिया को आइना दिखाने की उनकी कोशिश वास्तव में उनकी खीझ और झल्लाहट का ही परिणाम नजर आता है। झारखंड की सभाओं में राहुल गांधी की मीडिया पर यह खीझ और झल्लाहट इसलिए परवान चढ़ जाती है कि यहां की मीडिया उनके मंत्रियों और नेताओं के भ्रष्ट कारनामों पर क्यों रोशनी डालती है। राहुल गांधी से विनम्र आग्रह है कि आप अपने नेताओं और मंत्रियों को भ्रष्ट कारनामे करने से रोकिये, बजाय मीडिया को आइना दिखाने के। अगर सचमुच में राहुल गांधी को देश और संविधान पर विश्वास है, तो उन्हें अपने सांसदों और मंत्रियों को यह बताना चाहिए कि देश का संविधान यह इजाजत नहीं देता कि आप अपने घर को ही बैंक बना दीजिए और उसमें तीन सौ-चार सौ करोड़ रुपये रख लीजिए। देश का संविधान यह भी इजाजत नहीं देता कि गरीब जनता की गाढ़ी कमाई को किसी मंत्री का कोई पीएस या नौकर करोड़ों-करोड़ में नहीं लूटे। राहुल गांधी को अपने नेताओं को यह हिदायत देनी चाहिए कि वे भ्रष्ट अफसरों की पैरवी नहीं करें और उनके ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए कांग्रेस के लेटर पैड का इस्तेमाल नहीं करें।

**चुनावी जनसभा में पीएम की घबराहट देखकर लगा सकते हैं अंदाजा**

# इंडी गठबंधन के पक्ष में जनादेश : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में 13 मई को लोकसभा की पहली वोटिंग होनी है, जिसको लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी कमर कस चुके हैं। बड़ी सभा और रोड शो के माध्यम से अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में वोटिंग करने के लिए मतदाताओं को रिझा रहे हैं, तो वहीं जेएमएम देश में तीन चरण के संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव को इंडी गठबंधन के पक्ष में बता रहा है। केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि तीन चरण ने साफ कर दिया कि जनादेश का मिजाज क्या है। मिजाज बताता है कि पीएम जो बयान नहीं देना चाहिए, वह बयान देने शुरू कर दिये हैं। पीएम की बातों को सुनकर अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडी गठबंधन के चाइबासा और बसिया के कार्यक्रम को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे पहले पीएम ने भी चाइबासा में जनसभा की थी, लेकिन वहां सिर्फ खामोशी दिखी। इंडी गठबंधन के कार्यक्रम में जनसमूह उमड़ा था। सोशल मीडिया में रांची में धर्मांतरण की तस्वीर पोस्ट की गयी।

कहा कि हज को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया, जिसमें 9 मई को कोलकाता पहुंचाना है। उसमें भी समय नहीं दिया गया है। ऐसी चीजें हो रही हैं, जो समझ के परे है। इस अधिसूचना से कितने लोग वोटिंग अधिकार से वंचित रह जायेगी।



**बाबूलाल सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। इन्हें बोलना चाहिए। उन्होंने किस परिस्थिति में ओबीसी का 27 प्रतिशत को कम कर के राज्य में 14 प्रतिशत क्यों किया। आर्थिक आधार पर आरक्षण लाकर क्या संदेश देना का काम पीएम ने किया। क्या यह आरक्षण लाने से ओबीसी, आदिवासी के साथ छल नहीं हुआ। भ्रष्टाचार की बात करने वाले भ्रष्टाचारियों को खोज कर बीजेपी टिकट दे रही है। देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद यह तय हो गया है कि राज्य में होने वाले चार चरणों के चुनाव में एनडीए को एक भी सीट पर जीत नहीं मिलने वाली है।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 02/SRF/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"जलवायु के अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय पहल"** (ईएपी-245) परियोजना के लिए **एक (01) सीनियर रिर्सच फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **20.05.2024** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **20.05.2024** for selection of **One (01) Senior Research Fellow** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"National Innovations in Climate Resilient Agriculture" (EAP-245)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# यशस्विनी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि अच्छे दिन लाने के जुमले से सत्ता में आयी। देश की गरीब जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया। आज देश में महंगाई चरम पर है, जिससे जनता परेशान है। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को रातु प्रखंड के कई क्षेत्रों में पदयात्रा की। उन्होंने जनसंपर्क और बैठकें कर लोगों से समर्थन मांगा। पदयात्रा जनसंपर्क और बैठक के दौरान कहा कि कांग्रेस आम लोगों की पार्टी है। यही कारण है कि कांग्रेस की हर योजना आम लोगों के हितों के मद्देनजर बनायी जाती है। आज देश में गरीबों के हित के लिए जितनी योजनाएं चल रही हैं। उसमें ज्यादातर कांग्रेस सरकार की है। उन्होंने कहा कि देश की जनता केंद्र सरकार से ऊब चुकी है।

# संतों और पुजारियों से बाबूलाल ने मतदान का किया आह्वान

## चाय पर चर्चा कार्यक्रम का भाजपा नेता सह समाजसेवी राजीव रंजन मिश्रा ने किया आयोजन

**युवाओं को देश के सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** समाजसेवी और भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में मतदाता जागरण अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। कार्यक्रम में आये सभी समाज के प्रतिनिधि के द्वारा बाबूलाल मरांडी, संजय सेठ का स्वागत किया गया। बाबूलाल मरांडी ने सभी समाज से आये लोगों और युवाओं को देश के सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेने की अपील की। कहा कि पहले करें मतदान, फिर करे जलपान।

राजीव रंजन मिश्रा ने सभी युवाओं से बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील की। इसमें स्वामी सत्यनारायण गोस्वामी, स्वामी पशुपति दास, कृष्णा दास, केशव दास, ओमकार दास, रमेश शर्मा, किशन शर्मा, रवि शंकर शर्मा, अरुण जोशी, मुन्ना बड़ाइक, नकुल तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।



# पिता-ससुर की विरासत के लिए जंग में बेटियां

**झारखंड की राजनीति में भी दिख रहा नया ट्रेंड**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अक्सर देखा जाता है कि राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को उनके बेटे ही संभालते हैं, लेकिन झारखंड में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यहां राजनेताओं की बेटियां और पत्नियां उनकी राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इनमें कल्पना सोरेन, अनुपमा सिंह, अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन, जोबा मांझी, गीता कोड़ा, निर्मला देवी, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और यशस्विनी सहाय जैसे नाम प्रमुख हैं। ये पिता या पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रही हैं।

इसकी शुरुआत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ हुई। पिता योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद बेटी अंबा प्रसाद ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शिल्पी नेहा तिर्की भी पिता बंधु तिर्की की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इस कड़ी में यशस्विनी सहाय का नाम भी आता है, जो पिता सुबोधकांत सहाय की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए चुनावी मैदान में हैं। यह अलग बात है कि बेटियों के चुनावी मैदान में कूदने के कई कारण और परिस्थितियां बनीं।

योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं। जनता ने निर्मला देवी का साथ दिया और वह विधायक बनीं, लेकिन कई आपराधिक मामलों में फंसने की वजह से निर्मला देवी को भी जेल जाना पड़ा। ऐसे में उनकी बेटी अंबा प्रसाद को 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाना पड़ा। अंबा चुनाव जीत कर परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने में सफल रहीं।

इसी तरह बंधु तिर्की को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गयी। उन्होंने राजनीतिक विरासत बचाने के लिए बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में खड़ा कर दिया। शिल्पी भी चुनाव जीत गयीं।

इस बार झारखंड से लोकसभा चुनाव लड़ने में पत्नियां भी पीछे नहीं हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को परिवार में सम्मान नहीं मिला, तो वह भाजपा में शामिल हो गयीं। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को उतारा है। कांग्रेस ने विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दिया है।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहले ही पार्टी की कमान संभाल चुकी हैं। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा अन्नपूर्णा देवी और जोबा मांझी समेत कई अन्य महिलाएं भी राजनीति में पति की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं।

**कल्पना सोरेन ने गांडेय से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की :** झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक सोरेन परिवार में शादी के 18 वर्ष गुजारने के बाद कल्पना सोरेन की गांडेय से राजनीति में इंट्री हुई। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति में इंट्री पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। वह इंडी गठबंधन की मुंबई, दिल्ली और रांची में रैली में पार्टी की तरफ से सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। हेमंत सोरेन के बाद वह पार्टी की सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं। पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वह गिरीडीह में मौजूद थीं।

**अनुपमा सिंह ने धनबाद से की राजनीतिक जीवन की शुरुआत :** झारखंड के दिग्गज राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाली अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर रही हैं। इसी साल जनवरी में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड में थे, तो विधायक पति जयमंगल सिंह के हैदराबाद प्रवास के दौरान उनकी पत्नी अनुपमा सिंह ने न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था। राहुल गांधी धनबाद और बोकारो के जिस रास्ते से गुजरे, अनुपमा सिंह पूरे रास्ते उनके साथ रहीं। इसी समय से उनके चुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गयीं। अनुपमा सिंह के पति तो कांग्रेस के विधायक हैं ही। उनके ससुर राजेंद्र सिंह बिहार और झारखंड के बड़े मजदूर नेता रहे हैं। वह बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे। दोनों राज्यों की सरकारों में कैबिनेट मंत्री भी रहे। बहरहाल, अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्य की जनता किस-किसकी राजनीतिक विरासत पर मुहर लगाती है।


कल्पना सोरेन


अनुपमा सिंह


अन्नपूर्णा देवी


सीता सोरेन


जोबा मांझी


गीता कोड़ा


शिल्पी नेहा तिर्की


यशस्विनी सहाय

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,000 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 मई, 2024
www.azadsipahi.in


## पेज 01 का शेष

### प्रोजेक्ट भवन पहुंची इडी ...

वहीं इडी के अधिकारियों को पता चला था कि जहांगीर नाम का नौकर सब कुछ जानता है। फिर जहांगीर की तलाश शुरू हुई। इस सबमें सात से आठ माह लग गये, लेकिन कुछ हाथ नहीं लग रहा था। एक दिन इडी के एक अधिकारी ने देखा कि स्कूटी पर एक व्यक्ति संजीव लाल के घर से निकला। उसके पास एक एयरबैग था। उसका पीछा किया गया। वह गाड़ीखाना स्थित फ्लैट में गया और बैग रख कर लौट आया। अब निगरानी जहांगीर की होने लगी। इडी के अधिकारियों को उस समय शक हुआ, जब वह लगातार बैग लेकर जाता था और वापस खाली हाथ लौट आता था। इसके बाद इडी ने छापा मारा।

**कमीशन वसूलता था संजीव, केयर टेकर था जहांगीर:**

ग्रामीण विकास विभाग के ठेका में अधिकारी संजीव लाल कमीशन वसूलने का काम करता था। जहांगीर तो केयर टेकर था। अधिकारी अब यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि यह राशि किसके लिए वसूल की जाती थी। कम से कम हर ठेका पर 15 प्रतिशत की वसूली थी। अब इडी इन दोनों से कमीशन किसको मिलता था, यह उगलवाने की कोशिश करेगी।

**संजीव लाल की पत्नी को समन**

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की पत्नी रीता लाल को इडी ने बुधवार को समन भेजा है। उन्हें पूछताछ के लिए गुरुवार को बुलाया गया है। इनसे यह जानने की कोशिश की जायेगी कि इनके पति कमीशन वसूल कर लाते थे, इसकी जानकारी उन्हें थी या नहीं। साथ ही बरामद जेवरात के कुछ कागजात सीता लाल के नाम से मिले हैं।

## पासवा ने स्कूल खोलने के लिए सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बरनवाल के नेतृत्व में उपायुक्त मेघा भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर स्कूल खोलने की मांग की गयी है। संगठन के द्वारा कहा गया कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के प्रभारी सचिव द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से अत्यधिक गर्मी के मद्दे नजर कक्षाएं एक से आठ तक स्कूल बंद रखने का आदेश पारित किया गया था। जिसके आलोक में कोडरमा जिला के सभी विद्यालय का संचालन बाधित है। ज्ञापन में संगठन द्वारा बताया गया कि विगत दो दिनों से हो रही वर्षा और मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार अगले दो सप्ताह तक तापमान सामान्य रहने की सूचना है। इस समय सत्र प्रारंभ हुआ है और नयी कक्षाएं शुरू हुई है और दो सप्ताह के बाद गर्मी छुट्टी भी निर्धारित है। ऐसी स्थिति में बच्चों का पठन-पाठन पूरी तरह बाधित हो रहा है। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को ग्रीष्म अवकाश कार्य भी नहीं दिया गया हैं। उपायुक्त से आग्रह किया है कि बच्चों के हित हेतु उनके पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए विद्यालय खोलने की अनुमति प्रदान करें। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि यदि फिर भी तापमान से संबंधित अभी भी समस्या हो तो विद्यालय संचालन की समय सारणी में परिवर्तन कर अवधि घटाकर पूर्वाह्न 6:30 से पूर्वाह्न 10 बजे तक विद्यालय संचालन करने की अनुमति प्रदान की जाये। पासवा कोडरमा से ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ बीएनपी बरनवाल, तौफीक हुसैन, दिलीप कुमार यादव, प्रवीण मोदी, दीपक कुमार, आरिफ अंसारी, दीपक कुमार, मकसूद आलम, सिंकदर यादव शामिल हैं।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का धुआंधार प्रचार

# टाटीझरिया और विष्णुगढ़ में मिला मतदाताओं का प्यार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को नाप दिया और तूफानी जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से क्षेत्र की जनता से जुड़कर भाजपा और अपने पक्ष में मतदान की लगातार अपील कर रहें हैं। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल मांडू विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए उन्होंने खोरठा में संवाद करते हुए यह एहसास कराया की आपके बीच का बेटा और भाई हूं। मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया और विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुल सात पंचायतों के कुल पंद्रह गांवों में पहुंचे तो इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने गर्मजोशी से गाजे- बाजे के साथ उनका स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। इस क्षेत्र के भाजपा, आजसू और जदयू कार्यकताओं में भी क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को मिल रहा अपार जनसमर्थन देख बेहद उत्साह दिख रहा है। मनीष जायसवाल ने बुधवार को अपने चुनावी दौरे की शुरूआत टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के बेडम पंचायत स्थित ग्राम मंगरपट्टा ने जनसंवाद से किया। जिसके बाद ग्राम बेड़म, गोधिया, मुरुमातू, बेरहो, आठ माइल, भूताही, उपरैली मुरगांव, चितरामो, गोविंदपुर, गोविंदपुर पोस्ट ऑफिस चौक, पानी टंकी चौक, बरहमोरिया, कुसुम्भा और विष्णुगढ़ के लोगों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया। मनीष जायसवाल ने कहा की आगामी लोकसभा का चुनाव में अब महज 11 दिन ही शेष हैं। उन्होंने कहा की बड़ा ही सोच-समझकर जात- पात से ऊपर से उठकर देश के गरीबों के न्याय और अधिकार के लिए और राष्ट्र की मजबूती के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनायें। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब और गरीबी का अपमान कर देश में 6 दशकों तक राज किया और देश की जनता को सिर्फ. धोखा देते हुए निराश किया लेकिन पहली बार पिछले करीब 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब की सेवा का जो संकल्प लिया उसे मोदी की गारंटी के रूप में निभाया। मौके पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, प्रमुख संतोष मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा, मनमीत अकेला, एमके पाठक, राजू यादव, खोखा सिंह, राजेश कुमार यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, अनिल प्रसाद, कृष्णा साव, सुशांत सिंह, विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, सुशील मंडल, रंजीत गुप्ता समेत कई अन्य मौजूद रहें।

## एनटीपीसी और एलिमको के बिच हुआ समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए एनटीपीसी केरेडारी और एलिमको (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) के बीच समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर ए वी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक और यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र और एनटीपीसी केरेडारी के मानव संसाधन विभाग के रोहित पाल ने प्रतिनिधित्व किया। एनटीपीसी केरेडारी ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गांवों में विकलांग लोगों को प्रोस्थेटिक्स प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस पहल के अंतर्गत एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु के खनन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकलांग लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रोस्थेटिक अंगविकल्पों से लाभान्वित करायेगी। इस पहल के माध्यम से दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण प्रदान किया जायेगा जो उन्हें उनकी दैनिक जीवनशैली को सुधारने में मदद करेगा। यह समझौता एनटीपीसी केरेडारी के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया है। इस पहल से एनटीपीसी केरेडारी और एलिम्को ने साथ मिलकर गरीबों और असहाय दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यह समझौता समुदाय विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाएं खनन क्षेत्र में जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु और सीएसआर अधिकारी अल्का पांडा भी उपस्थित थे।

## वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बुधवार को आर्यन हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रवीण कुमार के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें जिसमें विनोद कुमार सिंह, सुल्तान खान, अंजनी कुमार सहाय, सौरभ कुमार, शुभम विश्वास ने रक्तदान किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने कहा कि 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस डे हेनरी डोनेट की जयंती पर मनाते हैं। इन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, कोडरमा जिले में अब रेडक्रॉस सोसायटी को सशक्त किया जायेगा। डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि 8 मई को रेड क्रॉस दिवस पर इस अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया, दिनेश कुशवाहा, अरविंद सेठ, आनंद सामंता, गणेश स्वर्णकार, अमित कुमार, सूरज कुमार, सिद्धार्थ कुमार, मुन्ना सिंह आदि मौजूद थे।

## डीसी ने कोषांग की समीक्षा बैठक की, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित सभी कोषांगों की समीक्षा बैठक किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ प्रभावी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिये। उन्होंने जिला अग्रणी प्रबंधक को किसी भी प्रकार की संदेहास्पद ट्रांजेक्शन से संबंधित रिपोर्ट संबंधित कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र के अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र चौकन्ना के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया। सीसीटीवी के संदर्भ में सभी जरूरी और वंचित स्थानों पर सीसीटीवी कार्यरत हो, सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप वितरण को लेकर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शत प्रतिशत वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण मतदाताओं के बीच करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर समेत अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी

**तीन दिनों के भीतर एक दर्जन से अधिक नेताओ और कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोक सभा के लिए 20 मई को वोटिंग होंगे। सभी प्रत्याशी अपनी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मगर तीन दिनों के बीच भाजपा के कई सक्रिय नेता और कार्यकर्ता भाजपा को अलविदा कर रहे हैं। हजारीबाग लोकसभा के समर्पित कार्यकर्ता भाजपा से पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व झारखंड प्रदेश व भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सौंप रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है संगठन द्वारा लगातार अनदेखी और अवहेलना किए जाने से अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा हजारीबाग के वरिष्ठ नेता अनिल सिन्हा सहित विष्णुगढ़ मंडल अंतर्गत बनासो क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सुपुर्द किया। इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने आरोप लगाया कि मैं लगभग 35 वर्षों से पार्टी की निष्ठा पूर्वक सेवा करता आ रहा हूं। आज जितनी उपेक्षा पार्टी के द्वारा हम सब का किया जा रहा है वह असहनीय हो गया है। इस समय भाजपा में जेवीएम का बोलबाला हो गया है। जेवीएम से आये हुए को तरजीह दिया जा रहा है और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किया जा रहा है। कहा की हजारीबाग में भाजपा के डैमेज कंट्रोल करने आये भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त विदेश मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी गयी। इन्हीं सब कारणों से आहत होकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाजपा से इस्तीफा देना शुरू कर दिया। तीन दिनों के अंदर भाजपा से इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रो सुरेंद्र सिन्हा, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बिप्पिन कुमार सिन्हा, कारू प्रजापति, विजय सिंह, हरेंद्र महतो, रोहित प्रसाद बर्मन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कोडरमा जिला संगठन प्रभारी तलत साबिर उर्फ बाबू खान, केरेडारी से लक्ष्मण लाल, कटकमसांडी प्रखंड से राजेंद्र प्रसाद राजा, पदमा प्रखंड से पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकताओं ने अपना इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व वह भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सुपुर्द किया। वहीं मंगलवार को ही चौपारण निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने अपने समर्थकों संग पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा। इस्तीफा देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह धमना, वरिष्ठ भाजपा नेता केदार प्रसाद यादव, पदमा सरैया, साहु समाज से वरिष्ठ भाजपा नेता दिलेश्वर प्रसाद साहु, भाजपा नेता रविन्द्र राणा पदमा, श्यामाकांत सहाय सहित कई अन्य शामिल थे।

## पेज 01 का शेष

# भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा मीडिया सेंटर में भाजपा ने बुधवार को राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री सीपी सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार के लोगों पर नैरेटिव सेट किया जा रहा है। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने पर सत्ता संभालने के बाद चंपाई सोरेन ने सदन में कहा था कि यह हेमंत सरकार पार्ट 2 होगी। दरअसल, यह सरकार भ्रष्टाचार की परत 2 है। उससे भी बढ़ कर निकल रही है।

**आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र**

भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किये गये वादे और उसकी हकीकत को बयां किया गया है।

**मोदी की दस साल की उपलब्धि**

आरोप पत्र में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल में झारखंड को किये गये सहयोग की विस्तृत जानकारी दी गयी है। आंकड़ों के माध्यम से भी मोदी सरकार की उपलब्धियों को बयां किया गया है। मोदी सरकार की किसान और कृषि के प्रति गारंटी का जिक्र है। जनजातीय समुदाय के लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया गया है।

आरोप पत्र में मोदी सरकार की गरीब कल्याण, पिछड़ा कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण, महापुरुषों के सम्मान, नारी सशक्तिकरण, अमृत पीढ़ी की नयी उड़ान, रोजगार के नये अवसर, खेल के क्षेत्र में सुधार का भी जिक्र किया गया है।

**लूट से झारखंड कलंकित**

आरोप पत्र में राज्य सरकार के भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गयी है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है।

कहा गया है: आजाद भारत में किसी राज्य के सीएम द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। इडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।

आरोप पत्र में कहा गया है: आइएएस पूजा सिंघल, उनके सीए, पूर्व सीएम के विधायक प्रतिनिधि, आइएएस छवि रंजन सहित पूर्व सीएम के कई खासमखास गिरफ्तार हुए हैं। पूर्व सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का निजी कार्यालय में बैठ कर सरकारी फाइल निपटाते हैं। तमाम लोगों के काले कारनामों के इडी के द्वारा पर्दाफाश करने के बावजूद सरकार के मुख्य सचिव चुप्पी साधे हुए हैं। राज्य सरकार के इशारे पर इन सभी आरोपियों को जेल और अस्पताल में वीवीआइपी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अपने भ्रष्टाचार का सिंडिकेट बचाने के लिए महंगे वकीलों पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा चुके हैं।

**झारखंड में चढ़ावा संस्कृति**

आरोप पत्र में कहा गया है: आज झारखंड में खुलेआम चढ़ावा संस्कृति चल रही है। पैसों की उगाही के लिए फाइल (लाख), फोल्डर (करोड़) भी जैसे कोडवर्ड का सहारा लेकर लूट की जा रही है। इडी की जांच में फंसे विशाल चौधरी की संस्था को युवाओं के प्रशिक्षण की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। इडी के अफसरों को जेल से फंसाने की साजिश रची जा रही है। जेल से गवाहों को धमकी दी जा रही है। जेल का बड़ा बाबू अपने मोबाइल से गवाहों को धमकी देता है। इलाके के एसपी गवाहों पर दबाव बनाते हैं। इडी जांच में कई सनसनीखेज खुलासे से पूरा राज्य हतप्रभ है।

इडी द्वारा लगातार अनुशंसा के बावजूद राज्य सरकार द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों और दलालों पर एफआइआर दर्ज करने में आनाकानी की जाती है। 10 सम्मन के बाद भी हेमंत सोरेन इडी की पूछताछ से भाग रहे थे। राज्य के सभी विभागों में खुलेआम चढ़ावा संस्कृति हावी है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार फैला है। प्रदेश में प्रखंड से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार का चस्का लग चुका है। मुख्यमंत्री के इलाके के थाने में पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर 2000 रुपये तक की वसूली तो पहले से हो ही रही थी। अब जन्म और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए साहिबगंज जिले में बिचौलिये 1000 रुपये तक वसूल रहे हैं। नगर निगम कार्यालय में भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ढाई से तीन हजार रुपये वसूले जा रहे हैं।

**विधि व्यवस्था पर सवाल**

विधि व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा गया है कि राज्य में प्रतिदिन औसतन पांच हत्याएं और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। हत्या और दंगों के मामले में झारखंड अव्वल हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 46 माह के कार्यकाल में 6974 लोगों की हत्या हो चुकी है। 6402 बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं, जबकि 6128 अपहरण की घटी घटनाएं घटी हैं। राज्य में ध्वस्त विधि-व्यवस्था का पुख्ता प्रमाण है। धनबाद, रांची सहित पूरे राज्य में रंगदारी और लेवी वसूली जा रही है। धनबाद में रंगदारी के डर से व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठानों के बोर्ड और मोबाइल नंबर तक हटा लिये हैं। कारोबारी पलायन करने को मजबूर हैं।

जेल तक में लोग असुरक्षित हैं। धनबाद जेल के अंदर अपराधी अमन सिंह पर 10 गोलियां बरसा कर दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है। यह केवल धनबाद की नहीं, बल्कि पूरे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल है।

**संताल में बदल रही डेमोग्राफी**

राज्य में खासकर संताल में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है। दुमका, पाकुड़, साहिबगंज समेत संताल में बांग्लादेशी कनेक्शन की जड़ें मजबूत हो रही हैं। बांग्लादेशी कौड़ियों के भाव जमीन खरीद रहे हैं। खुलेआम अनैतिक गतिविधियां चला रहे हैं। घुसपैठिए जबरन आदिवासी बच्चियों से धर्म और जाति बदल कर शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन को हथिया रहे हैं। बच्चियों को जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। बच्चियों के खाल तक उतारे जा रहे हैं। इस मुद्दे पर राज्यपाल भी गहरी चिंता जता चुके हैं।

**पशु तस्कर बेखौफ**

इस सरकार में पशु तस्कर बेखौफ हैं और सरकार इन पर किस प्रकार मेहरबान है कि जहां संध्या टोपनो जैसी तेजतर्रार आदिवास महिला अफसर को पशु तस्करों ने कुचल कर मार डाला, उस इलाके में आज भी पशु तस्करी बदस्तूर जारी है।

**किसी को बिंदी तो किसी को तिलक से परेशानी**

राज्य के स्कूलों में किसी को बिंदी से तो किसी को तिलक से परेशानी है। रजरप्पा में छात्राओं द्वारा इस्लाम जिंदाबाद के नारे नहीं लगाने पर विशेष समुदाय के युवकों द्वारा मारपीट और छेड़छाड़ किया गया। मॉडल स्कूल बेड़ों में तिलक लगा कर आये छात्राओं को शिक्षक द्वारा रोका गया। शिक्षक ने कहा कि तिलक लगाना है, कलवा बांधना है तो घर में रहो। वहीं रामगढ़ के गांधी मेमोरिय प्लस उच्च विद्यालय में शिक्षिका ने बच्चों के माथे का तिलक मिटा दिया। बोकारो के गोमिया में निजी स्कूल में जय श्रीराम बोलने पर प्राचार्य ने दसवीं के सभी छात्रों को दो दिन के लिए सस्पेंड कर दिया।

**जामताड़ा में खुलेआम गोकशी**

जामताड़ा के नारायणपुर में खुलेआम गोकशी करने का विरोध करने पर मुस्लिम समुदाय द्वारा एक युवक पर हमला किया गया। बाइक छीन ली गयी। जमशेदपुर में धार्मिक झंडे में मांस बांधने के बाद बिगड़े माहौल को लेकर कैसे शहर जल उथा था, किसी से छुपा नहीं है। जामताड़ा में सरस्वती पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव किया गया। बोकारो के नावाडीह के खुटा गांव में हनुमान मंदिर बना रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने जम कर लाठियां बरसायीं। उसमें पांच ग्रामीण घायल हो गये। साहिबगंज में बजरंग बली की प्रतिमा को खंडित किया गया। जोड़ापोखर में दिनदहाड़े मो साजिद और उसके साथी द्वारा एक छात्रा को अगवा करने का प्रयास किया गया। पलामू और रांची राजधानी में मोहर्रम के दिन तिरंगे का अपमान किया गया।

**धर्मांतरण और लव जिहाद**

राज्य में धर्मांतरण एवं लव जिहाद का मामला तेजी से बढ़ रहा है। पूरे झारखंड में धर्मांतरण का खेल डंके की चोट पर किया जा रहा है। नेटवर्क मार्केटिंग की तर्ज पर अलग-अलग प्रलोभन देकर मिशनरिया मतांतरण का खेल चल रहा है।

**संवैधानिक संस्थाओं पर हमला**

झारखंड सरकार संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला कर रही है। आये दिन सत्ताधारी गठबंधन द्वारा राजभवन पर उंगली उठाना। मुख्यमंत्री द्वारा राजभवन पर सीधा आक्षेप करना संवैधानिक संस्थाओं के प्रति निरादर को प्रदर्शित करता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने महामहिम राज्यपाल के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर लोकतंत्र की गरिमा को कलंकित किया है।

पूर्व सीएम के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा इडी के खिलाफ ही कोर्ट पहुंच गये। चोरी और सीना जोरी का इससे बड़ा उदाहरण शायद ही दूसरा हो।

इसके पूर्व टीएसी मामलों में राजभवन की अनदेखी, राज्यपाल की अनुमति बगैर लिये उनके प्रधान सचिव को बदलना, सदन से पास होने के बावजूद उत्पाद नीति की फाइल राज्यपाल को नहीं भेजना, झारखंड उत्पाद विधेयक 2022 पर सरकार की मनमानी का मामला किसी से छुपा नहीं है?

हाइकोर्ट के निर्देश के बावजूद रूपा तिर्की मामले में बड़हरवा के तत्कालीन डीएसपी प्रमोद मिश्रा और पूर्व सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पर एफआइआर में आनाकानी उच्च न्यायालय की अवमानना है। सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के निर्देश के बावजूद अभी तक सूचना आयुक्त, लोक आयुक्त सहित महिला आयोग जैसे कई महत्वपूर्ण आयोग का गठन नहीं किया गया।

**केंद्र की योजनाओं को लटकाना**

राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाये रखती है। योजनाओं को भटकाना और अटकाना सरकार की आदत बन गयी है। इसके कारण झारखंड के लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**बेरोजगारो को भत्ता नहीं मिला**

राज्य सरकार झारखंड के लोगों से किया वादा पूरा नहीं की। सरकार ने वादा किया था कि 1 साल में 5 लाख नौकरी देंगे। नौकरी नहीं मिलने तक स्नातक बेरोजगारों को ?5000 और स्नातकोत्तर को 7000 बेरोजगारी भत्ता देंगे। 1 साल में 4 जेपीएससी परीक्षा कराएंगे। 2021 को नियुक्ति वर्ष घोषित किया। स्थानीय और रोजगार नीति को स्थानीय लोगों के हितों के अनुसार बनाने की बात कही। समान काम के लिए समान वेतन लागू करेंगे। सरकार गठन के 6 माह में सभी सरकारी रिक्ति दिया भर दी दिया जायेगा, हालांकि एक भी वादों को सरकार पूरा नहीं की।

## संजय कुमार ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी संजय कुमार स्नेही ने इटखोरी प्रखंड मे जनसंपर्क अभियान चलाकर सेव छाप पर वोट करने के लिए लोगों से अपील किया। सभी ने एक स्वर से कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में ओबीसी की संख्या लगभग 55प्रतिशत है। लेकिन राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस इन दोनों पार्टियो ने अभी तक ओबीसी के लोगों के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने सेव छाप पर वोट देने और दिलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर लोकहित अधिकार पार्टी के जिला संयोजक मुरारी साव, जिला परिषद प्रतिनिधि भरत साव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मंदूर साव, उप प्रमुख संजय साव, पंचायत समिति सदस्य लोकेश कुमार रजक, मुखिया राजकुमार रजक, वीरेंद्र साव, अशोक साव, सुंदर यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कुजू में आंधी बारिश ने ढाया कहर

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की शाम मौसम के करवट बदलते ही तेज आई आंधी बारिश से कोयलांचल कुजू में आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। जगह-जगह आंधी के कारण गिरे पेड़ पौधों की वजह से विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। कुजू, दिगवार, सांडी, तोपा आदि क्षेत्रों में जगह जगह विद्युत तारों पर पेड़ पौधे के टूटकर गिरने से क्षेत्र में 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। बुधवार की देर संध्या समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पायी है। बिजली नहीं होने के कारण लोगों के घरों में पानी मोटर ठप पड़ा है। जिससे घरों में लोग पानी के लिए तरसते दिखे। दूर-दूर से चापानलों व कुओं से लोग को पानी भरकर अपने घरों में तक ढोकर लाते देखा गया। इधर, विद्युत कर्मी विद्युत बहाल करने को लेकर जी जान से जूटे पड़े हैं। कयास लग जा रहे हैं कि बुधवार की देर रात तक क्षेत्र के कुछ एक इलाकों में विद्युत व्यवस्था बहाल की जा सकेगी।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला कोराम्बे पथ पुल के समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को गस्ती में भर्मण कर रहे पुलिस कर्मियों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हेमतपुर गांव निवासी पंकज रजवार, अजय रजवार और जय रजवार अपने पल्सर मोटरसाइकिल से कोराम्बे से वापस गोला की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसके कारण तीनों घायल हो गये। घायलों में पंकज रजवार को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है।

## तार की चपेट में आने से छात्र की मौत



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जबड़ा पंचायत के खजुरिया गांव में बुधवार को ग्यारह हजार करंट के चपेट में आने से एक छात्र की मौत घटना स्थल पर हो गयी। मृतक छात्र खजुरिया गांव के संजय यादव का 14 वर्षीय पुत्र कुलदीप कुमार है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने एक दोस्त के साथ सुबह शौच के लिए जा रहा था। इसी दौरान जमीन पर गिरा ग्यारह हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि चैतु यादव, पूर्व मुखिया डोमन यादव घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा उन्हें बताया गया कि गांव के विनोद दास मोटर चलाने के लिए और सूबेदार यादव अपने घर में संचालित निजी विद्यालय ग्लोबल इंग्लिश स्कूल में बिजली जलाने के लिए अवैध तरीके से विद्युत प्रवाहित तार का उपयोग कर रहे थे। विद्यालय संचालक सूबेदार यादव इस घटना के बाद बिजली का अवैध कनेक्शन हटाकर विद्यालय बंद कर फरार हो गया। ग्रामीण काफी दिनों से इन लोगों से नंगे बिजली के तार हटाने की मांग कर रहे थें। लेकिन इन लोगों द्वारा नहीं हटाया गया। पुलिस विनोद दास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण उसे देखने के लिए पहुंचें। मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजुरिया में आठवीं का छात्र था। वह तीन बहनों में इकलौता भाई था। उसकी मौत हो जाने से घर का चिराग बुझ गया। परिजनों के करुण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन है। मृतक के पिता हरियाणा के सिरसा में मजदूरी का काम करने गया हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशानुसार बुधवार को प्रखंड के उरैली, नावाडीह सहित कई गांवों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 नंबर की जानकारी दी गयी। इसके अलावे पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, ऐम्बुलेंस न 108, चाइल्डलाइन हेल्फ न.1098, अग्निशमन हेल्फ न.100 सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। इसके अलावे वरिष्ठ नागरिक को मिलने वाला विधिक सहायता के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही बाल मजदूरी, डायन-प्रथा, दहेज- उत्पीड़न, घरेलू- हिंसा के बारे में लोगों को विस्तार से बताया गया। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा नि:शुल्क गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग को सरकार के द्वारा नि:शुल्क कानूनी सलाह के बारे में भी जानकारी दिया गया।

## गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान किया गया। ग्राम गम्हरबाद में बैठक कांग्रेस महिला प्रदेश सचिव सह पूर्व मुखिया अर्चना सिंह के अध्यक्षता व संचालन राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान ने किया। गठबंधन के वक्ताओं ने कहा जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। पिछले दस बार भाजपा के सांसद बने, कोडरमा लोकसभा के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं रहा। कोडरमा विधानसभा के साथ बरकट्ठा विधानसभा में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। क्षेत्र की जनता के लिए उन्होंने कोई काम नहीं किया। उन्हें बताने के लिए कुछ नहीं है, सिर्फ मोदी जी के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद सबसे फिसड्डी सांसद साबित हुई। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह के जीत होते ही तेज रफ्तार से कोडरमा लोकसभा के धरातल पर दिखेगा विकास। वहीं लोगों से क्रमांक संख्या 7 पर झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर विजय बनाने का अपील किया। जनसंपर्क अभियान में ग्राम गमहरबाद, सांथ, गोपालडीह, गोहाल में चलाया गया।

# रांची-रामगढ़ टोल गेट पर गाड़ी से मिला 46 लाख, जांच जारी

- रांची की इसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह की इनोवा से मिले पैसे
- सेलटैक्स डिपार्मेंट ने इनकम टैक्स रांची को दी सूचना
- एसडीपीओ ने जब्त रुपये की ली जानकारी, दिये आवश्यक निर्देश



**बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट**

जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने जो पैसे बरामद किये हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गये इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपये के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से कुल 45 लाख 90 हजार पांच सौ रुपये बरामद किए गये हैं। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं उस पर राकेश कुमार सिंह नामक व्यक्ति सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा पूरी मामले की जानकारी ली। सूचना पर पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जांच कर रहा है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**इसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं राकेश:** जानकारी के अनुसार इनोवा कार जेएच 01 डब्ल्यू 5126 पर इसेंट्रिग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे। राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर पद पर हैं। रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी।

**बैग में भरे थे नोट, चेकनाका पर धराया:** लोकसभा चुनाव को लेकर ज़िला प्रशासन ज़िले के सीमांकन पर चेकनाका लगाकर वाहनों की जांच पड़ताल कर रहा है। खासकर ज़िला में दूसरे ज़िले से प्रवेश करने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान रहता है। जिस करना ही बुधवार की शाम जांचे टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने जैसे ही इनोवा को हाथ दिया। इनोवा चेकनाका पर रुक गयी। जिसके बाद गाड़ी की तलाशी ली गयी। जिसमें वाहन में रखे बैग को खंगाला गया । बैग में पांच सौ नोट के बंडल भरे पड़े मिले। नोटों के बंडल देखकर अधिकारियों के मुंह खुले के खुले रह गये। बाद में संबंधित विभाग के लोग पहुंचे और पूरे मामले को अपने अंडर ले लिया। फिलहाल पूरे मामले की जांच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कर रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि बरामद नोट की कहानी क्या है और किसके है।

### फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने की प्रेस कांफ्रेंस

# अप्रैल 2023 के मुकाबले 2024 में हुआ है खुदरा वाहनों की बिक्री में इजाफा: मेवाड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन झारखड़ के चेयरपर्सन गोविंद पी मेवाड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेस किया। बताया कि पिछले वर्ष के अप्रैल माह की तुलना में इस वर्ष 2024 के अप्रैल माह में खुदरा वाहनों की बिक्री 24.90% बढकर 55757 इकाई हो गयी हैं। जबकि पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल माह में 44640 इकाई थी। झारखंड स्तर पर दो पहिया वाहन अप्रैल 24 में 28.88 % की वृद्धि के साथ 46850 इकाई की बिक्री हुई है। वही अप्रैल 23 में यह मात्र 36351 इकाई थी। तीन चक्का वाहन अप्रैल 24 में 7.01 % की बढ़त को दर्शाते हुए 1573 इकाई की बिक्री दर्ज की है। जबकि अप्रैल 23 में इसकी इकाई 1470 की थी। हम कॉमर्शियल वाहन की चर्चा करके देख रहे है कि अप्रैल 24 में इसमें -2.49% की गिरावट के साथ 1723 इकाई की बिक्री दर्ज की है वही अप्रैल 23 में इसकी बिक्री 1767 इकाई थी। वही यात्री वाहन ने झारखंड मे अप्रैल 24 में 13.95% की बढ़त बनाते हुए 4959 ईकाई की बिक्री दर्ज की है। वही अप्रैल 23 में यात्री वाहन ने मात्र 4352 इकाई की बिक्री दर्ज की थी। अप्रैल 2024 मे टैक्टर कि बिक्री में 6.86% कि गिरावट के साथ 652 इकाई की बिक्री दर्ज की है। जबकि पिछले साल अप्रैल 23 में यह 700 इकाई थी। उपरोक्त आंकड़े बता रहे हैं कि पीछले वर्ष अप्रैल 23 की अपेक्षा अप्रैल 24 में व्यक्तिगत वाहनों की बिक्री झारखंड में अच्छी रही है। जबकि कॉमर्शियल वाहन ओर ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई है। तीन पहिया वाहन की बिक्री में मामूली बढ़त हुई है। उल्लेखनीय है कि दो चक्का वाहन तीन चक्का वाहन और यात्री वाहन ने सकारात्मक रुख दर्शाया है। वही कोमार्शियल वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई है ।जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 26.74% बढ़त बनाते हुए सभी वाहनो ने झारखंड से अधिक बिक्री दर्ज की है।

## 75 किलो डोडा सहित तीन मोटरसाइकिल जब्त

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर पुलिस ने बुधवार के अहले सुबह छापामारी अभियान चलाकर तीन मोटरसाइकिल सहित 75 किलो डोडा जब्त किया है। डीएसपी रोहित रजवार को गुप्त सूचना मिली थी कि तीन मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में तस्करी के लिए डोडा ले जाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी रोहित रजवार के नेतृत्व में छोटकी जोरी के पहाड़पुर मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया था। इस दौरान पुलिस दल को पहाड़पुर मोड़ पर देख तीन मोटरसाइकिल से आ रहे तस्कर मोटरसाइकिल को छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गये। पुलिस ने तीनों मोटरसाइकिल पर लदे करीब 75 किलो डोडा बरामद किया। जानकारी के अनुसार जमुनियातरी के कठौन गांव से डोडा लेकर तीन मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर चतरा की ओर से आ रहे थे। फरार तस्करों को चिन्हित करने में पुलिस जुटी हुई है। अभियान में डीएसपी रोहित रजवार के साथ दिलेश्वर कुमार, लक्ष्मण यादव और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## चोरों ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा चुराया तोपा में क्वार्टर का ताला तोड़कर की चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू कोलियरी स्थित समुज्जवला शिशु मंदिर विद्यालय में लगे सात सीसीटीवी कैमरों की चोरों ने मंगलवार की रात चोरी कर ली। इस संबंध में प्राचार्य विजय पांडेय ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें कहा बीती रात आंधी बारिश के कारण बिजली नहीं रहने पर चोरों ने विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की चोरी कर ली। वहीं क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित बी टाइप आवासीय कॉलोनी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में उक्त क्वार्टर में रहने वाले अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष सहदेव मांझी ने कुजू पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि बंद क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरों ने एलईडी टीवी, इंवर्टर व बैटरी की चोरी कर ली है।

### झारखंड में बड़ी संख्या में रुपये की बरामदगी ने साबित कर दिया

# विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रहा: कालीचरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज हंटरगंज प्रखंड के काशी केवाल, एटमी, औरु बाजार, गेरुआ, बड़ही बिगहा, लोसमही, लेंजवा, सलैया, करमा, मार्क्सवादी नगर, सोनपुर बिगहा, बलनिया, पांडेपुरा, दलकोमा, गेंजना, नावाडीह, खरहि, भोक्ताडीह, बलूरी पंचायत के चौखडा, डाटम, बलूरी आदि गांवों में घर-घर जाकर स्थानीय लोगों से उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में कालीचरण सिंह के साथ कार्यक्रम में साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, समरेश, सरदार बलवंत सिंह, सरदार मनोज सिंह, प्रकाश सिंह, कमलेश पासवान, सतन पासवान, मो कलाम, सचिता लाल, शोभा देवी, सूर्य देव यादव, कृष्णा यादव, जावेद अंसारी, गुलशन अंसारी, अमित यादव, मुखिया योगेंद्र यादव, मुखिया प्रभु भुईया, सुबोध सिंह, बसंत सिंह, आरती देवी, देवन्ती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन के तमाम सहयोगियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रही है। एक ओर देश के यशस्वी पीएम नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए हर पल पसीना बहा रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस जहां कहीं सत्ता में है, वहां देश को लूटने का काम लगातार कर रही है। उसका ताजा उदाहरण झारखंड में बड़ी संख्या में रुपये की बरामदगी है ।

उन्होंने कहा कि जिसने दशकों देश को लूटा है। गरीबों, किसानों व महिलाओं को न्याय का वादा कर उनको ठगने का काम किया है। देश के गरीबों का पैसा लूटा है। देश को कांग्रेस ने एक पर एक घोटाले कर आर्थिक तौर पर पंगू बना दिया। आज पीएम मोदी उसे पटरी पर लाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से चुनाव लड़कर सत्ता पाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए बेमतलब की बात कर लोगों को भ्रमित कर रहे है। भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। चाहे वह अल्पसंख्यक हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो या फिर पिछड़ा और अतिपिछड़ा या सामान्य वर्ग। भाजपा सबका कल्याण चाहती है और सबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और उनके पक्ष में मतदान करने का वादा किया।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India

विज्ञापन संख्या-04/YP-II/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "चावल तिलह नफसल प्रणाली में डींकाबोंनाइजेशन, रोग प्रतिरोधिता और सतत उत्पादकता के लिऐ, मेथनोट्रॉफकाजैव नैनोंसल्फर फॉर्मूलेशन, एनएएसएफ" (ईएपी-422) परियोजना में एक (01) यंग प्रोफेशनल-II, एक (01) यंग प्रोफेशनल-I के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांक 22.05.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview will be held on 22.05.2024 **for selection of one (01) Young Professional-II (YP-II) & one (01) Young Professional-I(YP-I)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme"Bio-Nano Sulphur Formulation of Methanotrophs for Decarbonisation, Disease Resistance and Sustaining Productivity in Rice-Oilseed Cropping System, **NASF (EAP-422)**".The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

**प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR**


## कुजू में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा रामगढ़ ने उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों संग बोंगावार स्थित जेपी रेस्टोरेंट में सामाजिक सम्मेलन किया। सम्मेलन की अध्यक्षता मोर्चा जिलाध्यक्ष नमेंद्र चंचल व संचालन फाउंडेशन अध्यक्ष सह मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वरचंद्र प्रजापति, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुनु गोप, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान अमरदीप यादव ने मौजूद फाउंडेशन के सदस्यों से हजारीबाग के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में समर्थन देने की अपील की। जिस पर सदस्यों ने अपना पुरजोर समर्थन देने की बात कही। अमरदीप यादव ने कहा कि आगामी 20 मई को मनीष जायसवाल के कमल फूल छाप पर जमकर मतदान कर मनीष जायसवाल को सांसद बनाने सहित तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। वही, फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने भी मोर्चा को मनीष जायसवाल की सुनिश्चित जीत दिलाने में हर संभव सहयोग करने का वायदा किया। इस अवसर पर महेंद्र प्रजापति, दीपक सोनकर, दासो प्रसाद, हरिनारायण कुशवाहा, जयनंदन साहू, जनक प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, बिनोद प्रसाद, दसरथ महतो, फाउंडेशन के आशा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, वीणा कुमारी, अनिता देवी, मन्सरी देवी, मीनू देवी, कुसुम देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## बीडीओ ने मुखिया के साथ की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में मुखिया एवम पंचायत सचिवों की बैठक हुई। इसमें बीडीओ द्वारा कहा गया की अपने प्रखंड में बीस मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसमें हमसबो की यह जिम्मेवारी है की इस चुनाव की प्रक्रिया को पूरी प्रकार सफल बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया की चुनाव के मतदान के दिन मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराना है। इसमें सभी बूथों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति, पेयजल की पर्याप्त सुविधा, साफ सुथरा शौचालय, डस्टबीन, गर्मी से बचाव के लिए अस्थाई शेड की व्यवस्था आदि करना है। किसी भी पंचायत के बूथों में कोई भी कमी है। तो उसे पूरा करना पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव की जिम्मेवारी है की इसे पूरा करे। मौके पर मुखिया गिरजेश कुमार, रामनारायण, कोमिला देवी, जगदीश साव, विकाश नायक सहित सभी मुखिया एवम पंचायत सचिव शामिल थे।

## तीन बाइक चोर गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने अंतर राज्यीय बाइक चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवां गांव निवासी वासुदेव दांगी के पुत्र सोनू कुमार ने अपने घर के बरामदे से 5 मई की रात दो मोटरसाइकिल चोरी की घटना की प्राथमिकी स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज करायी थी। इस घटना के उद्वेदन के लिए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें खोरी का थाना प्रभारी समेत इटखोरी थाना के पुलिस बल को शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित एक होटल और डोहिया गांव से चोरी के पांच मोटरसाइकिल बरामद किया गया। जिसमें दो सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल दो हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस और एक पल्सर मोटरसाइकिल शामिल है। चोरी में संलिप्त तीन बाइक चोर अमर भुईयां, सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अमर भैया धनबाद जिले के कतरास का रहने वाला है जबकि सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार चौपारण थाना क्षेत्र के रहने वाले है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. 89 Dated:-07.05.2024 I, SHAISTA PARVEEN KHANAM wife of Mohammad Irshad, resident of Firdaus Nagar, Mani tola, Doranda P.S.- Doranda, District-Ranchi, do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That I am an Indian National by birth.That
2. ADNAN FIRDOUSI is my son, who was born on 31.7.2014. which is writtten his Aadhar Card No. 3707 4144 9106.
3. That in his Passport No. T3337776 dated 17.05.2019 his name has been wrongly written as MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI.
4. That ADNAN FIRDOUSI and MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI is the name or one and same person i.e. my said son.
5. That this Affidavit for the purpose or CORRECT the name of my said son in his Passport as ADNAN FIRDOUSI in place or MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI.



**शपथ - पत्र**

शपथ पत्र सं.- 221 दिनांक:-07.05.2024 के अनुसार मैं, बिरसी बरला (BIRSI BARLA) पति स्व. लाला होरो निवास ग्राम- डेहकेला, पोस्ट- गोविन्दुपर रोड, थाना- कर्रा, जिला- खूँटी, (झारखण्ड) राज्य की स्थायी निवासी हूँ एवं शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पता की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम से निर्गत भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड संख्या 4007 4851 7348 में मेरा नाम बिरसी बरला (BIRSI BARLA) पति लाला होरो जन्म तिथि 01/01/1951 ई. एवं भारत सरकार आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड संख्या DWIPB1229P में मेरा नाम बिरसी बरला (BIRSI BARLA) पिता सिकोन बरला (SIKON BARLA) जन्म तिथि 01/01/1951 दर्ज है जो सही है।
3. यह कि मेरे पति का मृत्यु दिनांक 14-08-2012 ई. को हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन संख्या 23 दिनांक 13.09.2012 है।
4. यह कि सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम बिरसी बरला (BIRSHI BARLA) पति लाला होरो एवं जन्म तिथि 02/03/1946 ई. दर्ज है जो पूर्णत: गलत है।
5. यह कि मैं बिरसी बरला पति सं. 4237569F के नायक लाल होरो की विवाहित वैध पत्नी हूँ।
6. यह कि मेरा उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम बिरसी बरला (BIRSI BARLA) पति लाला होरो एवं पेन कार्ड में मेरा नाम बिरसी बरला (BIRSI BARLA) पिता सिकोन बरला (SIKON BARLA) मेरा वास्तविक जन्म तिथि 01/01/1951 ई. दर्ज है को सत्यापन करने हेतू शपथ पत्र दाखिल कर रही हूँ।

# तय हुआ आधा सफर

देश में लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण मंगलवार को संपन्न हो गया। कहने को चार चरण और बचे हैं, लेकिन कुल 283 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है, जबकि बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 है। ऐसे में कहा जा सकता है कि हम मध्य अप्रैल से लेकर जून के पहले सप्ताह तक फैले इस चुनावी सफर का आधा रास्ता तय कर चुके हैं।

**मत प्रतिशत का सवाल :** इस बार अब तक के चुनावों का सबसे दिलचस्प पहलू मतदान प्रतिशत साबित हुआ है। शुरुआती दोनों दौर में वोटिंग 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले कम रही। तीसरे चरण में भी यह ट्रेंड बदलता नहीं दिखा। हालांकि चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़े आने में अभी वक्त है, फिर भी शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक कुछ खास राज्यों और चुनाव क्षेत्रों में भले वोट प्रतिशत कुछ ज्यादा हो, राष्ट्रीय औसत देखते हुए कहा जा सकता है कि मतदाताओं में कोई अतिरिक्त उत्साह इस बार भी नजर नहीं आया।

**परस्पर विरोधी व्याख्याएं :** यह तथ्य दिलचस्प इसलिए भी बन गया है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमे इसकी अपने मुताबिक व्याख्या करते हुए इसे जीत के अपने दावे का आधार बना रहे हैं। सत्तारूढ़ एनडीए का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता को ध्यान में रखें तो साफ हो जाता है कि भाजपा और सहयोगी दलों के समर्थक मतदाता पहले की तरह वोट दे रहे हैं। वे इसमें एमडीए की चुस्त चुनावी मशीनरी की भूमिका को भी रेखांकित करते हैं। इसके विपरीत विपक्षी खेमे का कहना है कि 2014 और 2019 के चुनावों को मोदी समर्थक मतदाताओं के उत्साह ने ही खास बनाया था। इस बार लोगों में वैसा जोश नहीं है। वे कहते हैं कि यह तथ्य जैसे वोटिंग प्रतिशत में नजर आया है, वैसे ही रिजल्ट में भी दिखेगा।

**लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण संपन्न हो गया। पहले और दूसरे चरण की तरह इस बार भी चुनाव में वोटिंग प्रतिशत का ट्रेंड नहीं बदला। 2019 के चुनाव के मुकाबले इस बार लगातार कम वोटिंग हो रही है।**

**प्रचार शैली में बदलाव :** इस चुनाव प्रक्रिया की जीवंतता का एक उदाहरण यह भी है कि अब तक के दौरों में वोटरों के रेस्पांस के आधार पर विभिन्न दलों की प्रचार शैली में खास बदलाव दिख रहा है। पहले और दूसरे चरण के बाद चुनाव प्रचार ज्यादा तीखा होता दिखा। न केवल राजनीतिक दल एक-दूसरे को लेकर ज्यादा आक्रामक हुए, बल्कि ऐसे मुद्दों पर उनका जोर बढ़ा, जो आम मतदाताओं को उद्वेलित करके उन्हें चुनाव बूथों तक जाने को प्रेरित करे।

**दुनिया की निगाहें :** भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में हर चुनाव ही खास होता है, फिर भी ये चुनाव विशेष रूप से देश-विदेश का ध्यान खींच रहे हैं तो उसकी वजह यह भी है कि विपक्ष ने इस बार लोकतंत्र को भी चुनावी मुद्दा बना दिया है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी पीछे न रहते हुए यह आरोप लगा रहा है कि विदेशी ताकतें इन चुनाव नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश में हैं। खैर, इन सब पर जनता क्या सोचती है, यह तो चार जून को नतीजों के आने पर ही पता चलेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। हर भारतीय नागरिक का एक वैधानिक अधिकार है- मतदान। लेकिन वर्तमान चुनाव में यह देखने को मिल रहा है कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में मतदान का प्रतिशत दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। लोगों के मन में मतदान को लेकर उदासीनता देखने को मिल रही है।**

# लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी

**प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य**



26 जनवरी 1950 को जब देश में विधान लागू हुआ तो देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू की गयी। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां पर हर व्यक्ति जो अपनी अठारह साल की उम्र पूरी कर चुका है, उसे वोट डालने का अधिकार है। हम सभी जानते हैं कि लोकतंत्र में मतदान का अपना एक अलग महत्व है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने के मतदान ही एक अनूठा जरिया होता है। मतदान की प्रक्रिया की वजह से ही जनता का खुद का शासन चुना जाता है और वही शासन करता है।

भारत में प्रत्येक नागरिक को सर्वोपरि माना जाता है। जनता में ताकत होती है। इसीलिए आम नागरिक को यह अंदाज होना चाहिए कि मतदान कितनी जरूरी है। किसी भी देश को यही चाहिए कि उसके देश के नागरिक इमानदार रहे। साथ ही गांव या शहर हो, हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। वोट देना हमारा हक है। इस हक का हमें लाभ उठाना चाहिए। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते है कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस प्रकार की सरकार हो इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। मतदान के माध्यम से हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति एवं समृद्धि आती है। हम समाज में परिवर्तन लाते हैं।

**हमारा भारत एक लोकतांत्रिक देश है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। तभी हमें सही प्रतिनिधि को चुनने में मदद मिलेगी।**




हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो। इसलिए आज यह आवश्यक है कि हम मतदान करें और देश को मजबूत करें। मतदान का महत्व पर अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र के दर्शन के संबंध में बताया कि लोकतंत्र लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए सरकार है। अतः वोट देकर बदलाव और विकास की दिशा तय कर सकते हैं।

भारत में नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। हर भारतीय नागरिक का एक वैधानिक अधिकार है- मतदान। लेकिन वर्तमान चुनाव में यह देखने को मिल रहा है कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में मतदान का प्रतिशत दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। लोगों के मन में मतदान को लेकर उदासीनता देखने को मिल रही है। यह एक चिन्ता का विषय है, यदि उदासीनता बढ़ती गई तो लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास होता जायेगा और भारत में लोकतांत्रिक सिस्टम को बनाए रखना मुश्किल हो जायेगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिस प्रजातांत्रिक समृद्धि और विकास की अपेक्षा की गयी थी, वह आजतक प्राप्त नहीं की जा सकी। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, आंतक जैसे जन समस्या इतनी बढ़ गयी है कि जनसाधारण इसमें फंस गया है और लोकतांत्रिक प्रणाली से लोगों को विश्वास डगमगाने लगा है। जनमानस को लगता है कि उनके मूल्यवान मतदान का लोकतंत्र में कोई महत्व नहीं है। फलतः जनता मतदान के प्रति उदासीन हो रहे हैं।

मतदान में कमी का कारण है- अशिक्षा एवं जागरूकता की कमी। मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता को बढ़ाना बहुत जरूरी है। लोगों को यह समझाना जरूरी है कि मतदान का महत्व क्या है और मतदान करना क्यों जरूरी है? लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शत-प्रतिशत मतदान होना बेहद जरूरी है। देश की अर्थव्यवस्था का विकास और राजनीतिक स्थिरता के लिए मतदान करना हर नागरिक का क×र्व्य होना चाहिए। आज मतदान की अनिवार्यता के लिए माहौल बनाने की जरूरत है। सकारात्मक सोच और प्रबल इच्छाशक्ति के द्वारा जटिल से जटिल परिस्थितियों से नजात पाया जा सकता है। जनता में विश्वास पैदा कर और सुंदर राजनीतिक माहौल बनाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए साक्षरता को बढ़ाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि लोग स्वेच्छा से मतदान करें। आज आवश्यकता है कि मतदान को लोकतांत्रिक पर्व के जैसा मनाया जाये। देश के विकास और उत्थान के लिए देश के हर नागरिक को अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए। ताकि हमारे देश से व्याप्त समस्याओं को जड़ से खत्म हो सके और हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सके।

हमारा भारत एक लोकतांत्रिक देश है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। तभी हमें सही प्रतिनिधि को चुनने में मदद मिलेगी। मतदान से लोकतंत्र का बचाव एवं देश की अर्थव्यवस्था का विकास होता है। लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें लोगों को स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की प्राप्ति होती है, वैसे तो विश्वभर में साम्यवाद, राजशाही तथा तानाशाही जैसे तमाम तरह की शासन प्रणालियाँ हैं, लेकिन लोकतंत्र को इन सभी से श्रेष्ठ माना गया है। ऐसा सिर्फ इसलिए, क्योंकि लोकतंत्र में जनता के पास चुनावों द्वारा अपनी सरकार स्वयं चुनने की शक्ति होती है। भारत में संघीय संसदीय लोकतांत्रिक गणतंत्र प्रणाली लागू है। एक लोकतांत्रिक देश के अच्छे विकास तथा कार्यान्वन के लिए चुनाव और राजनीति का होना बहुत ही आवश्यक है। चुनाव प्रक्रिया के कारण ही भारत में सुशासन, कानून-व्यवस्था तथा पारर्दिशता जैसी चीजों को बढ़ावा मिला है। चुनाव के बिना लोकतंत्र की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है।

स्पष्ट है कि आज स्वस्थ मतदान के द्वारा लोकतंत्र को मजबूत करें। मतदान भारत में लोकतंत्र का नींव है। भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उच्च मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता और विश्वसनीयता को मजबूत करता है। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक नागरिक कर्तव्य भी है और इसका प्रयोग करके व्यक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और देश की समग्र प्रगति में योगदान देते हैं।

मतदान द्वारा लोकतंत्र को मजबूत करें। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां हर व्यस्क नागरिक अपने वोट का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र है। देश का हर मतदाता का सरकार बनाने में अहम भूमिका है। सरकार बनाने के लिए हर एक वोट अमूल्य होता है। एक-एक वोट से सरकार बनती और बिगड़ती है। इसलिए हर किसी को निस्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही देश के विकास करवाने को सक्षम व्यक्ति के चयन में सहयोग करना चाहिए ताकि समस्त देश लगातार विकास की नई ऊँचाइयों को छू सके। देश के भावी भविष्य के निर्माण के लिए नागरिकों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करना चाहिए। देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी वोट देने की महाशक्ति को समझना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा किए गए वोट से देश की किस्मत बदल सकती है।

**(लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

**श्रीश्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि जी के 169वें आविर्भाव दिवस पर विशेष**

# एक ज्ञानावतार का हृदय

**संध्या एस नायर**



श्री श्री स्वामी श्री युक्तेश्वरजी



श्री श्री परमहंस योगानंद

'**मैं** तुम्हें अपना अशर्त प्रेम प्रदान करता हूं,' अपने निर्मल प्रेम के इस शाश्वत वचन के साथ, 'ज्ञान के अवतार' अर्थात ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने अपने आश्रम में युवा मुकुंद का स्वागत किया। यही मुकुंद कालान्तर में परमहंस योगानंद के नाम से योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक पश्चिम में योग के जनक तथा अत्यंत लोकप्रिय आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक के रूप में प्रसिद्ध हुए। यद्यपि घटनाओं के दैवीय नाटक से ऐसा प्रतीत नहीं होता था, परंतु समबुद्धि गुरुदेव को उनकी इस यात्रा का पहले से ही ज्ञान था और वे अनेक वर्षों से उत्सुकतापूर्वक उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

जनवरी 1894 में प्रयागराज के पवित्र कुंभ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी की भेंट हिमालय के अमर गुरु महावतार बाबाजी से हुई थी। यह जानते हुए कि योगानंदजी पुनः अवतरित हो चुके हैं (मुकुंद का जन्म पांच जनवरी 1893 को गोरखपुर में हुआ था), बाबाजी ने 'पश्चिम में योग के प्रसार' के लिए प्रशिक्षण हेतु श्रीयुक्तेश्वरजी के पास एक युवा शिष्य भेजने का वचन दिया था। बाबाजी ने उनसे सनातन धर्म और इसाइ धर्म के धर्मग्रंथों में निहित एकता पर एक संक्षिप्त पुस्तक लिखने के लिए भी कहा था। उन्होंने इन शब्दों के साथ उनकी सराहना की, 'मैंने जान लिया था तुम्हें पूर्व और पश्चिम में समान रूप से रुचि है। समस्त मानव जाति के लिए व्याकुल होने वाले तुम्हारे अंतःकरण की व्यथा को मैंने पहचान लिया था।' उनसे समानार्थी उद्धरणों द्वारा यह दिखाने के लिए कहा गया था कि 'ईश्वर के सभी प्रेरित, ज्ञानी पुत्रों ने एक ही सत्य का उपदेश दिया है।'

श्रीयुक्तेश्वरजी ने अपनी स्वभावगत विनम्रता के साथ इस दैवी आदेश को स्वीकार किया, और अंतर्ज्ञानात्मक बोध एवं गहन अध्ययन के साथ उन्होंने अल्प समय में ही 'कैवल्य दर्शनम' पुस्तक की रचना पूर्ण कर ली। महान प्रभु यीशु के शब्दों को उद्धृत करते हुए उन्होंने दिखाया कि उनके उपदेशों में और वेदवाक्यों में वस्तुतः कोई अंतर नहीं था। इसके अतिरिक्त पुस्तक के विभिन्न सूत्रों में श्रीयुक्तेश्वरजी मनुष्य के चित्त की पांच अवस्थाओं की व्याख्या करते हैं, अर्थात अंधकारयुक्त (मूढ़), गतियुक्त (विक्षिप्त), स्थिर (क्षिप्त), भक्तियुक्त (एकाग्र) तथा शुद्ध (निरुद्ध)। वे स्पष्ट करते हैं कि, चित्त की इन विभिन्न अवस्थाओं के आधार पर मनुष्य का वर्गीकरण किया जाता है, तथा उसकी उन्नति की अवस्था निर्धारित की जाती है।

उनका जन्म 10 मई, 1855 को बंगाल के श्रीरामपुर में हुआ था और उनका पारिवारिक नाम प्रियनाथ कड़ार था। वे महान योगी श्री लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे। आगे चलकर वे स्वामी संप्रदाय में सम्मिलित हो गये और उन्हें स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि का नया नाम मिला।

बाबाजी को दिया हुआ अपना वचन निभाते हुए श्रीयुक्तेश्वरजी ने युवा योगानंदजी को अपने आश्रम में एक दशक तक प्रशिक्षण प्रदान किया। योगानंदजी ने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत' के एक प्रकरण, 'अपने गुरु के आश्रम की कालावधि' में श्रीयुक्तेश्वरजी–बंगाल के सिंह–के साथ व्यतीत किये अपने जीवन का एक भावपूर्ण एवं प्रेमपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया है। वे लिखते हैं कि उन्होंने अपने गुरुदेव को कभी भी माया के किसी आकर्षण से ग्रस्त या लोभ, क्रोध अथवा किसी के प्रति मानवीय अनुरक्ति की भावना में उत्तेजित नहीं देखा। उनकी आभा 'सुखद शांति' की थी। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों को सावधान करने के लिए इन शब्दों के साथ क्रियायोग (ईश्वर प्राप्ति के लिए ध्यान की प्राचीन वैज्ञानिक प्रविधि) के अभ्यास की आवश्यकता का स्मरण कराया, 'माया का अंधकार धीरे-धीरे चुपचाप हमारी ओर बढ़ रहा है। आओ, अपने अंतः में अपने घर की ओर भाग चलें।'

जो शिष्य उनका परामर्श चाहते थे, श्रीयुक्तेश्वरजी उनके प्रति एक गंभीर उत्तरदायित्व का अनुभव करते थे। वे उन्हें अपने प्रशिक्षण में कठोरता की अग्नि में तपाकर शुद्ध करने का प्रयास करते थे। इस अग्नि की तप्तता साधारण सहनशक्ति से परे होती थी। जब योगानंदजी ने अपने गुरु के कार्य की अवैयक्तिक प्रकृति को समझा, तो उन्होंने उनकी विश्वसनीयता, विचारशीलता और मौन प्रेम का अनुभव किया।

योगानंदजी अपने प्रिय गुरुदेव के बारे में लिखते हैं, 'उनके विलक्षण स्वभाव को पूरी तरह पहचानना कठिन था। उनका स्वभाव गंभीर, स्थिर और बाह्य जगत के लिए दुर्बोध्य था, जिसके सारे मूल्यों को कब के पीछे छोड़कर वे आगे बढ़ गये थे।'

**जमशेदपुर की खबरें**

# लोकसभा चुनाव में वोट के चोट से लिया जायेगा बदला: लालटू महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** झारखंड में आगामी 13 मई से लोकसभा चुनाव की शुरूवात होना है। अभी से ही सियासी पारा तपने लगी है। उधर खूंटी और सिंहभूम संसदीय सीट के लिए 13 मई को जनता अपनी मतदान का प्रयोग कर उम्मीदवार को चुनेंगे। वही भाजपा अपने प्रत्याशी की जीत की दावा कर रही है। जहा भाजपा की प्रतिष्ठा दाव पर रहेगी। वही खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व सिंहभूम से गीता कोड़ा भाजपा के उम्मीदवार है। उधर बुधवार को कुड़मी सेना ने खूंटी संसदीय क्षेत्र में अर्जुन मुंडा के खिलाफ मतदान करने का मन बना लिया है। साथ ही जमशेदपुर सहित झारखंड के सभी संसदीय सीटों पर भाजपा के खिलाफ मतदान करने का ऐलान कर दिया। बुधवार को कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष लालटू महतो ने जानकारी देते हुए कहा केंद्रीय मंत्री रहते हुए अर्जुन मुंडा ने कभी भी कुंड़मियों के मामले में सदन में आवाज नहीं उठाया। इतना ही नहीं अर्जुन मुंडा 2005 में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे उस वक्त कुड़मी जाती को संविधान के आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को मान्यता देने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसे आज तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा अर्जुन मुंडा ने कुंड़मियों को छलने का काम किया है। आज पूरे झारखंड प्रदेश में के कुड़मी समुदाय के लोग में अर्जुन मुंडा व भाजपा के खिलाफ नाराजगी हैं। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष लालटू महतो ने कहा इसका बदला वोट के चोट से लिया जाएगा। अब कुड़मी समुदाय के लोग अपने अपमान का बदला चुनाव में लेने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा खूंटी में कुड़मी मतदाताओं की संख्या लगभग 20 फीसदी है।जबकि जमशेदपुर में करीब 4.50 लाख कुड़मी मतदाता हैं। जो प्रत्याशियों के हार जीत तय करते हैं। वैसे लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कुड़मी सेना का फरमान कितना असरदार साबित होगा यह तो 4 जून को पता चलेगा।फिलहाल कुड़मी सेना के इस घोषणा के बाद झारखंड के सियासत में हलचल तेज हो गई।

# सरायकेला खरसावां में उत्पाद विभाग ने किया नंबर जारी, शराब की खरीदारी करने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा ने आदर्श आचार संहिता लागू होने पर जिले में विभाग द्वारा की गई कार्य का अधिसूचना जारी कर दी। बुधवार को उत्पाद अधीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा सरायकेला खरसावां जिले में अब तक कुल 124 अभियोग दर्ज किया गया। जिसमें कुल विदेशी शराब- 2351.81लीटर, अवैध चुलाई शराब - 1785 लीटर, स्पिरिट - 600 लीटर, जावा महुआ -39870 किलो ग्राम, बियर - 56.35 जप्त किया गया। साथ ही विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024 25 में निर्धारित बिक्री के लक्ष्य के अनुसार अप्रैल 2024 के विवरण दिया गया। उन्होंने जिले के आम नागरिकों से कहा खुदरा उत्पाद विभाग के दुकानों से निर्धारित व एमआरपी पर ही शराब की खरीदार ने की अपील की।

उन्होंने कहा निर्धारित एमआरपी से अधिक पर शराब की बिक्री, अवैध शराब निर्माण व बिक्री की सूचना के लिए तीन नंबर जारी की गई। आम आदमी के लिए जारी की गई न.9631685811,7464090063 व 8294266564 हैं। इस नंबर पर सूचना मिलने पर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा विभाग को सूचना उपलब्ध कराए जाने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# पूर्व डीआइजी सह भाजपा नेता ने बुजुर्ग ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए बढ़ाया हाथ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कोल्हान के पूर्व डीआईजी विजय कुमार सिंह रिटायरमेंट के बाद भाजपा में शामिल होकर समाजसेवी के रूप में जनता के बीच लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए शहर में एक अलग पहचान बना चुके हैं।वही बारीडीह बस्ती निवासी गुजुर्ग ऑटो रिक्शा चालक शंकर ने अपने बेटी की शादी के लिए काफी दिनों से चिंता में थे। उन्होंने पूर्व डीआईजी सह भाजपा नेता विजय कुमार सिंह से उनके आवास में मुलाकात कर आर्थिक सहायता की मांग की। भाजपा नेता विजय कुमार सिंह ने उनकी समस्या को सुना और उनके साथ मिलकर समाधान के लिए आश्वासन दिया। वही सहयोग राशि मिलने पर शंकर ने विजय कुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट की।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## महिला को रौंदते हुए घर में जा घुसा ट्रैक्टर, महिला की मौत, बच्ची घायल


घटना स्थल पर लोगों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के मझिआंव सुन्डीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में ट्रैक्टर महिला को रौंदते हुए घर में जा घुसीं। जिसमें कईल पासवान की 55 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गयी। जबकी एक छोटी बच्ची घायल है और कुछ लोग बाल-बाल बच गये। वहीं दो घरों का बरामदा सहित बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनिमत यही थी कि घटना के समय बिजली कटी हुई थी, अन्यथा आग भी लग सकती थी। उक्त ट्रैक्टर कईल पासवान का घर में धक्का मारते हुए बगल के नगीना राम के घर में जा घुसा। जहां पर लोग बाल-बाल बचे। घटना बुधवार की लगभग दस बजे दिन की है। घटना के बाद परिजनों द्वारा मुख्य सड़क पर टेंट लगाकर शव के साथ मझिआंव - सुंडीपुर सड़क को जाम कर दिया गया है। मौके पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की छानबीन की जा रही है और स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है। ट्रैक्टर जीपीएस ईंट भट्टा राणाडीह का बताया जा रहा है। जबकि उक्त ट्रैक्टर पर वाहन नंबर दर्ज नहीं है। ड्राइवर महेंद्र कोरवा लगभग उम्र 15 वर्ष एक अन्य ट्रैक्टर सवार गोरख कोरवा शराब के नशे में चूर बताये जा रहे हैं। दोनों को कांडी पुलिस अपने कब्जे में रखी है। साढ़े तीन घंटा बाद डेढ़ बजे अंचलाधिकारी व पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के दोनों पुत्र अभय व छोटू रांची में रहते हैं। सूचना मिलने पर दोनों पुत्र घर वापस आ रहे हैं। परिजन उचित मुआवजा के लिए अड़े हुए हैं। सड़क जाम अभी भी जारी है। सड़क जाम में स्कूल बस के साथ कई अन्य गाड़िया फंसी हुई है। सड़क जाम किये लोग पुलिस व जनप्रतिनिधियों की एक नहीं सुन रहे हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार रजक, दिनेश कुमार, पंचायत मुखिया ललित बैठा, प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, पूर्व पंचायत मुखिया कृष्णा दास, युवा समाजसेवी विकास दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## नोटबंदी में जनता की जगह भाजपा को फायदा हुआ : तेजस्वी यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो भवनाथपुर सेल के खाली पड़े 4 हजार एकड़ जमीन में उद्योग संस्थान स्थापित कर पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी दूर करने का काम करेंगे। तेजस्वी यादव ममता भुंइया के पक्ष में चुनावी जनसभा के दौरान भवनाथपुर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में जनता महंगाई, पलायन व बेरोजगारी का दंश झेल रही है। 2014 से अभी तक भाजपा 10 वर्षो तक केंद्र में सत्ता पर काबिज रही, लेकिन न तो विदेश से कालाधन वापस आया, ना युवाओं की सरकारी नौकरी



लगी और ना ही देश में महंगाई कम हुई है। कहा कि नोटबंदी में जनता की जगह भाजपा को फायदा हुआ, इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिये पूंजी पतियों से हजारो करोड़ रुपए चंदा के रूप में उगाही की। भाजपा मुद्दे की बात नही बोलती, भाजपा हिंदू मुस्लिम कर समाज को तोड़ने का काम रही है, देश के संविधान को तोड़ने तथा आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही है। कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष 1 करोड़ योवाओं को सरकारी नौकरी, गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में मिलेगी तथा गरीब बहनो को पढाई हेतु प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगो से आने वाली 13 मई को इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुंइया के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताने की अपील किया।

सूबे के मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा देश से संविधान व आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर इंडिया गठबंधन समाप्त नही होने देगा। कहा कि भाजपा भ्रष्टचारियों को संरक्षण देती है। भाजपा रूपी वाशिंग मशीन में धूल कर घोटालेबाज खुलेआम घूम रहे है। भाजपा सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने का काम किया है, जिसे जनता इस चुनाव में सबक सिखायेगी।

जबकि इंडी गठबंधन राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि देश जिस दौर से गुजर रहा है, वह किसी से छुपा नहीं है, महंगाई से लोग त्रस्त है।

## गरीबों के साथ हैं पीएम मोदी : वीडी राम

**भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने रमना और डंडई प्रखंड के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने अपनी जनसंपर्क अभियान के दौरान रमना और डंडई प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान वीडी राम ने कोटमा, बेलवतीकर, गम्हरिया, चुंदी, हारादाग, करके, सोनेहारा, बौलिया, डंडई, लवाही कला, सरो, जरही आदि का भ्रमण कर अपने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों के बीच रखते हुए पुनः भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु निवेदन किया। उन्होंने



कहा कि भाजपा किसी धर्म समुदाय व परिवारवाद की पार्टी नहीं है। यह पार्टी सबका साथ, सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हमेशा गरीबों की हितों के बारे में सोचती है। इनकी निर्णय, नीति और नियति बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने दूसरे पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसा था कि यदि किसी बूथ पर 80% से अधिक मतदान हो जाता था तो उसे बूथ को बोगस बोटिंग मान कर कैंसिल कर दिया जाता था। परंतु अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि 100% भी मतदान हो जाता है, तो वह बूथ कैंसिल नहीं होगा। श्री राम ने कहा कि आज भारत का मान सम्मान विश्व पटल पर मोदी सरकार ने बढ़ाया है। बड़े अर्थशास्त्रियों की माने तो आज 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं। यह हमारे प्रधानमंत्री जी के ही अथक प्रयास से संभव हो पाया है। जन संपर्क के दौरान मिल रहे जन समर्थन के लिए उन्होंने ने अपने समर्थकों को धन्यवाद भी दिया। मौके पर उमेंद्र यादव, रमना मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष गढ़वा रमना मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सिंह, सूरज गुप्ता, अरविन्द तूफानी, राजु रंजन तिवारी, अनिता गुप्ता, श्रवण चंद्रवंशी, उत्तमदेव प्रजापति, अमित प्रकाश समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कूप निर्माण में जेसीबी से खुदाई का मामला प्रकाश में आने पर बीडीओ ने जांच कर प्राथमिकी का दिया निर्देश

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओखरगाड़ा पश्चिम में मनरेगा से संचालित बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य में बुधवार को मजदूर के बदले जेसीबी मशीन लगा कर खुदाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलने पर बीडीओ जागो महतो ने पंचायत सचिव तथा जेई को जांच कर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। विदित हो कि काम के अभाव में जहां सैकड़ो मजदूर प्रतिदिन पलायन कर रहे हैं वहीं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सरकार का महत्वाकांक्षी मनरेगा भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ रहा है। मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर मशीन के द्वारा दिन में भी धड़ल्ले से कार्य किया जा रहा है। ओखरगाडो के योजना कोड संख्या 3407004016/आई एफ 70809012382 में मशीन से कार्य करने का वीडियो, फोटो वायरल होने पर बीडीओ द्वारा जांच का आदेश दिया गया है।

## पदच्युत चालक ने मेराल ब्लॉक नाजीर पर अधिकारियों से मिलीभगत कर अवैध निकासी का लगाया आरोप

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पदच्युत चालक व ओखरगाड़ा गांव निवासी सत्य प्रकाश को ब्लॉक से हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ब्लॉक से हटाए जाने के बाद सत्य प्रकाश ने प्रखंड कार्यालय पर भ्रष्टाचार का बड़ा गंभीर आरोप लगाया है। इस बाबत उसने झारखंड के मुख्य सचिव सहित कई आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर प्रखंड नाजिर पर अधिकारियों के मिली भगत से किये गये भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। साथ ही चालक द्वारा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मांगे गये आरटीआई के बाद धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे, गिरिजा देवी पति कन्हाई साव तथा सुनील प्रसाद गुप्ता पिता लखन प्रसाद पर गढ़वा सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उपरोक्त विपक्षी गण द्वारा साजिश कर मुझे चालक पद से हटाया गया है तथा मुझे परेशान करने के लिए तरह-तरह के हथकंडा अपनाया जा रहा है। इसके पूर्व सत्य प्रकाश द्वारा ईडी को पत्र लिखकर नाजीर द्वारा किये गये भ्रष्टाचार का जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जागो महतो ने कहा कि आरोप पर गंभीरता से जांच किया जा रहा है, दोषी पाये जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## किड्स एथलेटिक्स डे के अवसर पर प्रतियोगिता संपन्न

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामासाहु स्टेडियम में गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में किड्स एथलेटिक्स डे के अवसर पर अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बालक /बालिका का इवेंट्स कराया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 130 बालक /बालिका खिलाड़ी उपस्थित हुए। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष अजय कांत, सहसचिव सुशिल कुमार तिवारी एथलेटिक्स कोच रमाशंकर सिंह, क्रिकेट कोच सिकंदर, लक्ष्मण राम और एथलेटिक्स के सीनियर खिलाड़ी उपस्थित थे।

## ममता भुइयां के पक्ष में वोट की अपील


आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र में पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां को अपार मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने लगातार बैठक, जनसंपर्क और प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं, और चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर ममता भुईयां को विजयी बनाने का अपील कर रहे हैं। इस क्रम में रंका प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर पंचायत के बुथ नंबर 410 और 411 राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोरेयाबखार में झामुमो विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, भंडुल पाठक, बुथ प्रभारी अध्यक्ष संतोष प्रसाद, बुथ प्रभारी विनोद कच्छप ने ममता भुईयां को विजयी बनाने के लिए बैठक में शपथ दिलायी। तमगेकला पंचायत के ग्राम तमगे दक्षिण टोला में बैठक किया गया। रंका के बुथ नंबर 376 में झामुमो के शत्रुघ्न चंद्रवंशी, गुलाब सिंह, अध्यक्ष अजय गुप्ता, अमर सिंह ने ममता भुईयां के लिए जनसंपर्क किया। बाहाहारा पंचायत के ग्राम



गासेदाग खड़ियाही टोला और जासोबार में बैठक किया गया। कटरा पंचायत के ग्राम बरवाही में जिपस रंका दक्षिणी प्रतिनिधि झामुमो नेता रतन सिंह, अध्यक्ष युसुफ अंसारी, सचिव विनय मिंज ने जनसंपर्क किया। कंचनपुर गांव के बुथ नंबर 369 में अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अध्यक्ष राजीव ठाकुर, किशोर ओझा, राजकिशोर राम, शिव कुमार रवि, संतोष ने सलैया दामर भुईयां टोला में जनसंपर्क अभियान चला कर इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में वोट मांगा। वहीं चिनियां प्रखंड के ग्राम चिरका में बुथ नंबर 322 में झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह खरवार, हर्मोन बाड़ा, सचिव बेलाल अंसारी, अंजुलुश टोप्पो ने जनसंपर्क कर

रंका बाजार में ममता भुईया के पक्ष में ढोल बजा कर अनोखा प्रचार करते हुए कंचनपुर पंचायत के बीडीसी शंकर राम



ममता भुईयां के लिए वोट मांगा। वहीं झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह रमकंडा बीस सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर यादव के नेतृत्व में रमकंडा बाजार में ममता भुईयां ने रोड शो किया और 13 मई को ईवीएम के क्रमांक 2 पर चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आशीर्वाद मांगा।

## अबकी बार नहीं होगा भाजपा का बेड़ा पार : मिथिलेश ठाकुर

**मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा**

**महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, उत्पाद और मद्य निशेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने प्रखंड के पंचायत चामा, दुलदुलवा में मुख्य बस्ती बागीचा में तीसरटेटुका के चिनियां मुख्य मार्ग के समीप करकोमा और हासनदाग पंचायत का हासनदाग खेल मैदान में, गोंदा पंचायत के लातदाग में एनएच 75 के समीप, बाना पंचायत के कुम्हार टोला में, गेरूआ पंचायत के देवगाना स्टैंड में, मेराल पूर्व पंचायत के करकोमा रोड में, मेराल पश्चिमी पंचायत के देवी मंदिर के बगल में, तेनार पंचायत के पैकाही स्कूल के बगल में, पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया स्कूल के समीप, लोवादाग पंचायत में दुर्गा मंडप के समीप, संगबरिया पंचायत में बनुआ स्कूल के समीप, अरंगी पंचायत में पंचायत भवन के समीप तथा विकताम पंचायत में कमरमा नदी के समीप आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने आम जनों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। उन्होने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास और केंद्र में जनसरोकार की सरकार बनाने के लिए ममता भुईयां को वोट करें ताकि सभी लोगों को उनका अधिकार पूरी तरह से मिल सके। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ही देश का विकास और देश वासियों को उनका हक और मान, सम्मान दे सकती है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहे हैं। परंतु सच्चाई यह है कि अबकी बार भाजपा का बेड़ा पार नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा बेहिचक महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान करना है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया विजय सिंह, अतहर अली, अशरफी राम, शंभू राम, यासीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दर्जनों लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड अंतर्गत बाना पंचायत के पूर्व मुखिया विजय सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। बुधवार को बाना पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह सहित दर्जनों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को


झामुमो में शामिल हुए लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश

माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर सभी लोगों ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया।


## अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय कोडरमा

**: आम-सूचना :**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत Whatsapp मोबाईल नम्बरः 9693179517, 7903138432, 7004398788 एवं 9973520964 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

ह0/–
अधीक्षक उत्पाद
कोडरमा

PR 324568 Excise (24-25)_D

## अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय,खूँटी

**"आम–सूचना"**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से खूँटी जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 9771638754, 9570128333 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

अधीक्षक उत्पाद
खूँटी

PR 324575 Excise(24-25).D

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (जिला निर्वाचन)

**आम सूचना**

**लोकसभा आम निर्वाचन, 2024**

**लोहरदगा जिला के सभी मतदातागण, कृपया ध्यान दें :–**

भारत निर्वाचन आयोग के प्रेस विज्ञप्ति संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के द्वारा 12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 72 लोहरदगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 324 एवं 69–विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र (अंश) के 104 कुल 428 मतदान केन्द्रों में दिनांक 13.05.2024 को पूर्वाहन 07.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक मतदान कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रॉची का ज्ञापांक 1146 दिनांक 16.03.2024 के द्वारा मद्य निषेध से संबंधित निदेश प्राप्त है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 'C' में प्रावधानित हैं कि –

**"135C. Liquor not to be sold, given or distributed on polling day.** (1) No spirituous, fermented or intoxicating liquors or other substances of a like nature shall be sold, given or distributed at a hotel, eating house, tavern, shop or any other place, public or private, within a polling area during the period of forty-eight hours ending with the hour fixed for the conclusion of the poll for any election in the polling area."

- उक्त के आलोक में अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) में निहित प्रावधान के आलोक में लोहरदगा जिला अन्तर्गत मतदान के लिए निर्धारित क्षेत्र में 11.05.2024 के अपराहन् 05.00 बजे से मतदान की तिथि के लिए निर्धारित मतदान अवधि (दिनांक 13.05.2024, 7.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 05.00 बजे तक) की समाप्ति तक अर्थात् 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक के लिए मद्य निषेध (Dry Day) घोषित किया जाता है।
- उक्त अवधि में मतदान क्षेत्र में किसी किसी निर्वाचन के लिए मतदान समाप्ति होने के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उस मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, भोजन, पाठशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा।
- तद्नुसार दिनांक 04.06.2024 मतगणना की तिथि को सम्पूर्ण लोहरदगा जिला क्षेत्र में मद्य निषेध (Dry Day) घोषित किया जाता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324582 Lohardaga(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, झारखण्ड**
**सिलम, (सी0 आर0 पी0 एफ0 कैम्प0) जशपुर रोड, गुमला–835232**
**Email Id:-principalitigumla@gmail.com**

सूचना संख्याः–73 गुमला, दिनांकः–08/05/2024

**नामांकन सूचना**

झारखण्ड के आठवी/दसवी एवं इंटर पास युवक, युवतियों के लिए सुनहरा अवसर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT के मान्यता प्राप्त सरकारी **ITI** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/**LWE** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई गुमला/ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा, गुमला में सत्र 2023–24–25 के लिए नामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण द्वारा नवनिर्मित एवं संचालित आई0टी0आई0 पोर्टल (**https://iti.jharkhand.gov.in**) माध्यम से **Form Apply** कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथिः–15/05/2024 एवं ऑनलाइन आवेदन कि अंतिम तिथिः–09/06/2024 तक निंधारित है। इन सभी ITI में छात्रावास, खेल मैदान, जिम की सुविधा है और प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा छात्रवृति दिया जाता है इन सभी ITI में रोजगार मेला का आयोजन कर उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थीयों के रोजगार की व्यवस्था की जाती है और साथ ही वैसे प्रशिक्षणार्थी जो Apprentice करना चाहते है वैसे प्रशिक्षणार्थीयों का प्रशिक्षण के दौरान ही Apprenticeship Portal में Online Registration किया जाता है।

| क्र0स0 | संस्थान का नाम | व्यवसाय | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला | ELECTRICIAN | FITTER | MMV | WIREMAN | WELDER |
| 02 | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला | ELECTRONICS MECHANIC | | | | |
| 03 | LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला | ELECTRICIAN | FITTER | | | |
| 04 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा, गुमला | ELECTRICIAN | FITTER | | | |

नामांकन हेतु झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी इच्छुक अभ्यर्थी इच्छानुरूप उपरोक्त संस्थान / ट्रेड का चयन कर काउन्सलिंग / नामांकन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गुमला, झारखण्ड

PR 324576 Labour Employment and Traning(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# पथ सभा कार्यक्रम में कालीचरण सिंह को जिताने का आह्वान

डिम्पल राजा




**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में भारतीय जनता पार्टी मनिका मंडल के तत्वाधान में दिन बुधवार को मनिका शिव मंदिर के पास पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत प्रसाद जहां कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमन शौंडिक मंच का संचालन भाजयुमो के मंडल महामंत्री चंदन गुप्ता के नेतृत्व में चौपाल लगाया गया। जिसमें पथ सभा कार्यक्रम पंचायत स्तर पर किया गया। प्रखंड के नामुदाग, डोंकी, पल्हेया, विशुंबाध, सिंजो, राकींकला, कोपे, जुंगुर, दुंदुं मे कार्यक्रम आयोजन किया गया। वही बड़काडीह सशक्ति केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समित सदस्य हरि कृष्ण सिंह, साथ में सुमंत यादव, योगेंद्र सिंह, मनदीप कुमार, श्रीकांत उरांव, राजेश्वर सिंह, संतोष यादव, आकाश पटेल, विनोद सिंह, अजय शर्मा, मनीष सिंह, भूथ अध्यक्ष महेश्वर उरांव, बिहारी सिंह। वही पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा भाजपा 10 वर्षों के विकास के बारे में बताया जनकल्याणकारी योजनाओं आगामी 2047 तक के कार्यक्रम की जानकारी दी। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है। विदेश में भी आज भारत का डंका बज रहा है। देश की सीमाएं आज पहले से सुरक्षित है।चौपाल में आए सैकड़ो ग्रामीणों ने एक बार फिर से देश के पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। अभी नारे भी लगाया गये। वही मंडल के मटलौंग सशक्ति केंद्र में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए बबन पासवान , शंकर दुबे, गंगा यादव, विश्वनाथ राय, लक्ष्मण प्रसाद, धर्मजीत राय, पछु प्रसाद, पंकज, प्रेमचंद यादव, सोहनलाल गुप्ता, यमुना सिंह उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित भाजपायों ने आगामी 20 मई 2024 को कमल फुल छाप पर बटन दबाकर कर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से वोट डालकर विजय बनाएं। और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाथों को मजबूत करें। मौके पर कौशल किशोर प्रसाद, सतनारायण प्रसाद, श्यामलाल पासवान, रिगा देवी, गुड्डी देवी, जयराम राय, पंकज गुप्ता, अंकित कुमार, परमेश्वर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह के कुटमु में पथ सभा का आयोजन




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमु में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखण्ड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह के नेतृत्व मे पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मनिका जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह ने शिरकत की। पथ सभा कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने दस साल कार्यकाल में काम करते हुए भारत की पहचान विश्व के पटल पर स्थापित की है इस लिए देश उन्नति के लिए हम सब को एक बार फिर मोदी सरकार को लाना हैं और चार सौ पार के संकल्प को पूरा करना है। वही मौके पर मौजूद प्रखण्ड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह ने कहा कि एक बार हम सब को मिलकर तीसरी बार मोदी सरकार को लाना है।साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं महिलाओं व अन्य लोगो में जिस तरह से उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी अंतर से चतरा लोकसभा से विजयी प्राप्त होगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, रुपाली देवी विनोद यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद, सखीचन्द प्रसाद समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अविराम बीएड कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को अविराम बीएड कॉलेज कुडू में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। स्वीप कोषांग के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता मार्गदर्शिका देते हुए 13 मई को अवश्य मतदान देने की अपील की गयी तथा अपने वोट के महत्व के बारे में बताया गया। उनसे अपील की गई कि आप अपने आसपास के एवं परिवारजनों को मतदान देने के लिए प्रेरित करें। उन्हें मतदाता शपथ भी दिलाई गयी और मतदान से संबंधित पेंटिंग प्रदर्शनी भी लगायी गयी। पेंटिंग प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मतदाता जागरूकता स्लोगन बनाये गये थे।

## गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच करें : डॉ राजमोहन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का औचक निरीक्षण किया गया.अस्पताल निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा गर्भवती महिलाओं का पहला एएनसी, त्रिमही एएनसी नियमित जांच और संस्थागत प्रसव के लिये सभी स्वास्थ्य उप केंद्र की सेविकाओं को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर टीबी, मलेरिया, एनसीडी, कुष्ठ और आइडीएसपी जैसे बीमारी का नियन्त्र के बारे में भी निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने क्षेत्र में इन बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिंहित कर स्वस्थ्य उप केंद्र में लाकर बीमारी का जांच कराएं जिसे समय से दवा मिलने पर और इलाज होने से बीमार व्यक्ति जल्द स्वस्थ्य हो सकता है और सुरक्षित बचाया जा सकता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनन्द के अलावे जिला कार्यक्रम मैजेमेंट यूनिट के नाजिश फहीम अख्तर, मो.जाहिद के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मी और एएनएम उपस्थित रहे।

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में बैठकें और जनसंपर्क अभियान चलाया। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। साथ ही देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी है। एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। यह चुनाव नहीं जंग है। देश की लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की जंग है। श्री भगत ने कहा कि संविधान में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आयी है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए, लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस की सरकार आने पर सभी गरीब परिवारों में एक महिला को प्रतिवर्ष 100000 दिया जायेगा। भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल उरांव ने कहा झारखंड के सबसे लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश रचकर ईडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। भंडरा प्रखंड के प्रभारी डोमना उरांव ने कहा भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। मौके पर किस्सा साहू, विजय चौहान, इलियास अंसारी, चंदर उरांव, रंजन उरांव, शमीम अंसारी, राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

## पेड़ से झूलता अज्ञात युवक का शव बरामद

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड के रांकीकला पंचायत अंतर्गत नकटा के जंगल में दिन बुधवार को पेड़ से झूलती हुई अज्ञात युवक का शव मिला। इस मामला का सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने राकींकला पंचायत के नकटा जंगल में अपने थाना एससाइ मिश्रा मांझी, समेत पुलिस बल के जवान को घटना स्थल पर भेजा। जहां पर पुलिस ने फांसी के फंदे से झूलता हुआ। शव को नीचे उतरा और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मनिका पुलिस के द्वारा अज्ञात शव किसका है। इसका जांच पड़ताल शुरू कर दी। हालांकि देखने से प्रतीत होता है। शव तीन-चार दिन पुराना है। खबर लिखे जाने तक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो पाया था।

# लोहरदगा के शहरी क्षेत्र में उत्पाद विभाग की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग और पुलिस टीम की लगातार छापामारी चल रही है। इस क्रम में बुधवार को सदर थाना क्षेत्र के सोबरन टोली इलाके में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। देसी महुआ शराब बनाने वाले संभावित घरों में तलाशी लिया गया। इस दौरान लगभग 25 लीटर अवैध चुलया शराब और लगभग एक क्विंटल जावा महुआ जप्त कर उसे मौके पर नष्ट किया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक एमके दास की अगुवाई में ग्रामीणों के घरों में सघन तलाशी लिया गया। जप्त शराब व को महुआ नष्ट करने के बाद ग्रामीणों को उत्पाद अवर निरीक्षक एमके दास ने अवैध शराब कारोबार से परहेज करने के लिए प्रेरित किया। अवैध शराब के कारोबार में लगे रहने पर इसके परिणाम से अवगत कराया। इस संदर्भ में जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि, जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में छोटे-छोटे स्तर पर देसी अवैध महुआ शराब का कारोबार होने की लगातार सूचना मिल रही थी। लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि, अभियान में प्रतिदिन अवैध चुलैया शराब और जावा महुआ जब्त कर उसे नष्ट किया गया है।

## लकड़ी माफियाओं का दुस्साहस : जीएम लैंड में लगे पेड़ को काटा

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झालजमीरा पंचायत ग्राम में जीएम लैंड में लगा 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ को अज्ञात लकड़ी माफिया के द्वारा काट कर गिरा दिया गया है। जिसे मामला अंचल प्रशासन के संज्ञान में आते ही उन लकड़ी माफियो के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत ग्राम स्थित जीएम लैंड में वन विभाग द्वारा यूकेलिप्टस वृक्ष लगाया गया था। जिसे किसी अज्ञात लकड़ी माफिया द्वारा लकड़ी तस्करी कर तथा अपनी कमाई के उद्देश्य से सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाते हुए 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा संज्ञान लिया गया। लकड़ी तस्करी मामले पर विभागीय जांच टीम गठित कर कारवाई करने की बात सामने आ रही है। वही बताया जाता है कि निजी जमीन में लगे यूकेलिप्टस पेड़ कटाई के लिए विभाग की ओर से बंदिश हटा लिया गया है और फ्री कर दिया गया है। जिसका फायदा उठाते हुए लकड़ी तस्करी माफियों द्वारा रैयत के नाम पर सरकारी सम्पति तथा सरकारी विभाग का राजस्व क्षति पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ रहें है। इसी के तहत यह मामला झलजमीरा पंचायत ग्राम से सामने आया है। जहां अज्ञात लोगों ने सरकारी सम्पति की चोरी छुपे नुकसान पहुंचाने का कार्य किया गया है।

# प्रिंट से अधिक मूल्य लेने पर सूचना दें : रंजन तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए उत्पाद विभाग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। नंबर पर शराब के लाइसेंसी दुकानों में प्रिंट से अधिक मूल्य लेने अथवा उत्पाद संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत की जा सकती है। उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि आम नागरिक उत्पाद संबंधी। कोई भी व्यक्ति शिकायत इस मोबाइल नंबर 7903500768 और 8434619609 पर सूचना दे सकते हैं। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जिले में 23 लाइसेंसी शराब की खुदरा दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में प्राइस लिस्ट लगी है। आगे कहा कि उत्पाद विभाग के द्वारा क्षेत्र में अवैध व देशी शराब का निर्माण व बिक्री करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। लगातार ऐसे ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। इसके अलावा नेशनल हाइवे व अन्य सड़कों के किनारे बने ढाबा और होटलों में भी अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी जारी है। लोकसभा चुनाव में अवैध शराब की बिक्री या चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों पर विभाग की कड़ी नजर है।

# एसडीएम ने मतदाता पर्ची का किया वितरण



संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत अस्सी फीसदी हो और सभी लोग मतदान करने अपने अपने बूथों में जरूर जाये। इसी लक्ष्य को लेकर बालूमाथ के कई जगहों पर मतदाता पर्ची निमंत्रण पत्र और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण मतदाता के घर घर जाकर किया गया। साथ ही 20 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक अपने मतदान केंद्र पर अपने सभी परिवार के साथ जाकर मत देने का अनुरोध किया। इसी कड़ी मे बालूमाथ पहुंचे लातेहार एसडीएम कौशल कुमार, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव सीओ प्रीति विजया कुजूर ने बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा। मे मतदाता को समझाते हुए कहा की अगर वोटर कार्ड नहीं है तो भी बैंक पासबुक आधार कार्ड पैन कार्ड जॉब कार्ड मनरेगा कार्ड राशन कार्ड आदि कोई दस्तावेज को लेकर बूथ पर जाकर मतदान जरूर करेंगे। इस अवसर पर बीएलओ सह बालूमाथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनिष कुमार पांडेय आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 'एक शाम मतदाताओं के नाम' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार की शाम एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारीगण शामिल हुए। कार्यक्रम में अलग-अलग प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। सुर्यांसुरायम के द्वारा लक्ष्य को हर हाल में पाना है गीत गाया गया। ऑफिसियल डांस एकेडमी द्वारा शशि टोप्पो के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कौस्तुव पाण्डेय द्वारा गजल गायन की प्रस्तुति दी गयी। जीत ग्रुप द्वारा सामूहिक नृत्य पेश किया गया। वैष्णवी सोनी द्वारा एकल गीत की प्रस्तुति दी गयी। इसी क्रम में डिवाईन स्पार्क द्वारा मतदान करो विषय पर नाटक मंचन, लोकनाथ कला जत्था दुंदरू पेशरार की ओर से मतदाता जागरूकता पर प्रस्तुति दी गयी। मोहर चक्रवर्ती द्वारा एक गायन और पापिया चक्रवर्ती द्वारा भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।


## इंडी गठबंधन के लोगों ने चलाया जनसंपर्क



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा इंडिया महागठबंधन के चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी जी के पक्ष में कांग्रेस एवं जेएमएम नेताओं द्वारा माल्हन पंचायत के लोहारसी गनियारी एवं प्रतापी तांड में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गयी। दौरे के क्रम में ग्रामीणों के बीच कांग्रेस प्रत्याशी के लिए अभूतपूर्व उत्साह एवं जन समर्थन देखा गया। दौर में शामिल नेताओं द्वारा ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड वितरीत करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतो तथा वर्तमान बीजेपी सरकार की वादाखिलाफी, जन विरोधी एवं सांप्रदायिक नीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। उक्त जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता दीपू कुमार सिन्हा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शीतमोहन मुंडा, कांग्रेस नेता संजय दुबे, मल्हन पंचायत के मुखिया सह युवा जेएमएम नेता जतरू कुमार मुंडा शामिल थे।

# आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डन को बर्खास्त करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने डीसी को आवदेन देकर झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डन को बर्खास्त करने की मांग की हैं। अपने दिए गए आवेदन में श्री उरांव ने लिखा हैं कि उक्त विद्यालय के वार्डेन के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे छात्राओं को हमेशा प्रताड़ित किया जाता है। छात्राओं के शिकायत करने पर वॉडन के द्वारा छात्राओ को विद्यालय से बाहर निकालने एवं अभद्र भाषा के साथ साथ गाली गलौज किया जाता है। छात्राओं को कहना है कि वार्डन बार - बार धमकी देते हुए कहती है कि मेरे खिलाफ किसी पदाधिकारी को शिकायत करेगी तो कि कीड़ा डालकर भोजन खिलाया जायेगा। छात्राओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ श्री उरांव ने वार्डन को उचित कार्रवाई कर उसे तत्काल बर्खास्त करने की मांग की हैं।

# वर्ल्ड रेड क्रॉस डे और फर्स्ट एड अवेयरनेस सेशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सौजन्य से वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर बगरू हिल बॉक्साइट माइन्स के ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे तथा फर्स्ट एड अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि युद्ध, प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूकंप, महामारी के समय में लोगों की सहायता, उनके जीवन रक्षा तथा उनके सम्मान की रक्षा के लिए जीन हेनरी ड्यूनैंट ने रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की थी। उन्हीं के जन्म दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 8 मई को वर्ल्ड रेड क्रॉस डे का आयोजन किया जाता है। रेड क्रॉस के मुख्य सिद्धांत भेदभाव रहित, मानवता की रक्षा, कार्य की आजादी, पक्षपात रहित, स्वेच्छा एवं एकता है। डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष का थीम 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी में देता हूं वह एक इनाम है'। उन्होंने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताया कि गर्मी के दिनों में धूप में कार्य करने पर हीट स्ट्रोक यानी लू लगने की संभावना बढ़ जाती है इससे बचाव के लिए पूरे कपड़े पहनना एवं पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए । बहुत तेज बुखार, खूब पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना आदि लू लगने के लक्षण है। ऐसा होने पर शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए तथा तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। मनीष कुमार के द्वारा मलेरिया तथा फाइलेरिया से बचाव के लिए भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम कोषाध्यक्ष राहुल कुमार कार्यकारिणी के सदस्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, प्रवीण कुमार, जगतपाल केसरी, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हिंडालको इंडस्ट्री लिमिटेड के अभिनव कुमार, रवीन्द्र परिदा, गौरी शंकर प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, गिरिराज चित्तौड़ा, प्रद्युम्न कुमार, माधुरी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव सड़क दुर्घटना में हुए घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बरवाडीह प्रखंड के भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष चपरी निवासी मनोज यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। पार्टी के पथ सभा कार्यक्रम में शिरकत होने को लेकर अपने मोटरसाइकिल से चपरी से कुटमु के लिए निकले हुए थे। इसी बीच देवरी नदी के समीप अनियंत्रित होकर गिर गये। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखण्ड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के देखरेख मे चिकित्सको की मौजूदगी मे किया गया। प्राथमिक उपचार बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर किया गया रेफर। प्रखंड अध्यक्ष के निजी वाहन से भेजा गया मेदिनीनगर।

## शुक्रवार को 10 बजे शनिदेव मंदिर निर्माण का किया जायेगा भूमि पूजन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह मुख्य बाजार स्तिथ पीपल पेड़ के पास दुर्गा मंडप के समीप शनि देव महाराज के मंदिर निर्माण को लेकर शुक्रवार को 10 बजे भूमि पूजन का किया जाएगा आयोजन।उक्त जानकारी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने दी।साथ ही उन्होंने भक्त जनों से अपील की है कि भूमि पूजन में जरूर भाग लें।

# जलापूर्ति योजना के लिए रखी पाइप को लोगों ने किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती रेंगोला गांव में हर घर नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। यहां शंख नदी से पानी लाया जायेगा।उसके भूमिगत पाइप बिछाकर ग्रामीणों के घर घर पहुंचाया जायेगा। इसी निमित यहां लगभग छः माह से काम चल रहा है। ढ़ेर मात्रा में पाइप भी रखा हुआ था। सोमवार के तड़के लगभग 3 बजे भोर में अज्ञात लोगों द्वारा रखे हुए पाइपों को आग के हवाले कर दिया गया। देखते ही देखते आग की लपटों ने पाइपों को अपने आगोश में ले लिया। आवाज सुनकर ग्रामीणों की नींद खुली तो आग की भयावह दृश्य देखने को मिला। इसकी सूचना सुरसांग थाना को दी गयी।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह सशस्त्र बलों के साथ पहुंचे। साथ में अग्नि शामक वाहन भी पहुंचा परंतु तब तक देर हो चुकी थी और पाइप जलकर राख हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां कार्यरत एक इंजीनियर को कल ही कार्य करा रहे संवेदक ने काम से निकाल दिया था। वह अपने घर सोमवार को ही चला गया था। दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीणों को काम दिया गया था उन्हें पैसा भी नहीं मिला था। इससे लोग आक्रोश में थे। दबे जुबान से एक ग्रामीण ने बताया कि पेट्रोल छिड़कर आग लगया गया। बहरहाल आग कैसे लगी पुलिस छानबीन में जुट गयी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा आग शार्ट सर्किट से लगी है या शरारती तत्वों या अपराधियों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। हालांकि आवेदन में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाये जाने की बात कही गयी है।

# मतदाताओं से मिल कर 400 पार का नारा बुलंद कर रहे हैं समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जैसे जैसे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मतदान का दिन करीब आ रहा है, क्षेत्र में चुनाव प्रचार की सरगर्मियां भी तेजी पकड़ती जा रही हैं। लोहरदगा लोकसभा सीट से बीजेपी के प्रत्याशी समीर उरांव भी धुआंधार चुनाव प्रचार जुटे हैं। समीर उरांव ने सिसई विधानसभा क्षेत्र के बसिया प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। पीएम मोदी के निदेर्शों के अनुसार ऑन ग्राउंड रहकर हमेशा जनता की सेवा में लगे रहने वाले समीर उरांव ने इस दौरान बसिया ब्लॉक के कई गांवों में जा जाकर लोगों से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव के दौरान अपने लिए समर्थन मांगा.कमल फूल उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर गांव समाज और देश की तकदीर और तस्वीर बदलनी है तो बीजेपी को वोट देकर पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार को साकार करें। वहीं आखरी चरण में भाजपा अपने वोटरों-लाभुकों को जनसंपर्क, समाज के वरिष्ठम सामाजिक जनसंपर्क अभियान के तहत पथसभाओं के माध्यम से जिले में मंडल के सभी शक्तिकेन्द्रों में कार्यक्रम आयोजन कर वोटरों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है।

जहां जिले के सभी शक्तिकेन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोहिपाठ, बेलगड़ा, अरंगी, खभिया कुंबाटोली, आदर, कुगांव, शिवनाथपुर, भुरसो, बॉन्डों, लरंगो, निसारी, असनी, जिलंगा, ओलमुंडा, मुरकुंडा, गोंगरा टोली व अन्य शक्तिकेन्द्रों में पथ सभा किया गया। गुमला प्रखंड में 36 शक्तिकेन्द्रों में से असनी-खोरा शक्तिकेन्द्रों में जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु उपस्थित हुए। पथसभा के माध्यम से अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद किया।

जहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सासद अजय मारू, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, मिसिर कुजूर, मनोहर बड़ाईक, श्रीचंद प्रजापति, विनोद कुमार, गजाधर सिंह, भूपन साहू, अनूप चंद्र अधिकारी, विजय मिश्रा, गायत्री देवी, सोनामणि उरांव, अमरमणि उरांव, देवेंद्र लाल उरांव रामावतार भगत, मनोहर बड़ाईक, छोटेलाल भगत समेत सभी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख मुख्य रूप से पथसभा में उपस्थित हुए।

वहीं सामाजिक संपर्क अभियान के तहत संयोजक श्यामसुंदर साहु पूर्व बीस सुत्री उपाध्यक्ष हीरा साहू, शिवनारायण साहू समेत नेताओं ने पुसो मंडल के शक्तिकेन्द्रों में मोदी जी के विजय संकल्प को दोहराया।

# संजीव लाल वसूलता था कमीशन, फिर बड़े लोगों को पहुंचाता था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का मानना है कि ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में 15 फीसदी की दर से कमीशन वसूली होती है और यह वसूली मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल करते थे। संजीव लाल का अपने घरेलू सहायक जहांगीर आलम से साठगांठ है और कमीशन की रकम जहांगीर आलम अपने पास रखता था। वहां से रकम का हिस्सा बड़े लोगों तक पहुंचाया जाता था। इडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए जो याचिका दी है, उसमें यह बात कही गयी है। इडी ने कोर्ट में सौंपे रिमांड याचिका में कहा है कि ग्रामीण विकास विभाग की विकास योजनाओं में वसूली के लिए बने सिस्टम में इंजीनियर और ठेकेदार शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि संजीव लाल ने जहांगीर के नाम पर गाड़ी भी खरीदी है। इससे जहांगीर और संजीव के बीच गहरे संबंध होने की पुष्टि होती है। बीरेंद्र राम ने भी गिरफ्तारी के बाद दिये गये बयान में कमीशनखोरी की हिस्सेदारी में बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों का नाम लिया था। याचिका के अनुसार मामले की जांच के दौरान इडी को जानकारी मिली कि जहांगीर के घर से जब्त 32.20 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा ठेकेदार राजीव सिंह के जरिये वसूला गया था। बाद में बाद में इसे जहांगीर के घर पर लाकर रखा गया था। इडी ने याचिका में यह भी कहा है कि बीरेंद्र राम के मामले में दायर इसीआइआर में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज की गयी प्राथमिकी को भी शामिल किया गया है। बीरेंद्र राम ने अपनी गिरफ्तारी के बाद दिये गये बयान में विभाग में जारी कमीशनखोरी और उसके बंटवारे की प्रक्रिया का उल्लेख किया था। उसने अपने बयान में सितंबर 2022 में संजीव लाल को करोड़ों रुपये दिये जाने की बात स्वीकार की थी। बीरेंद्र राम से मिली जानकारी के आधार पर इडी ने आगे की जांच की। इसमें पाया गया कि टेंडर सहित अन्य काम से जुड़ी कमीशन की राशि इंजीनियरों के माध्यम से वसूल कर संजीव लाल तक पहुंचायी जाती थी।

## मतदाता जागरूकता के लिए चला हैश टैग अभियान

# हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन आयोग सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 7 मई को जिले में भर में विशेष सोशल मीडिया हैश टैग अभियान '# मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' का आयोजन किया गया।

जिले में स्वीप गतिविधि के तहत दिनांक 7 मई को संध्या 6 से लेकर 8 बजे तक यह सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से लगभग 3000 मतदाताओं ने इस अभियान में भाग लिया।

पलाश- जेएसएलपीएस गुमला द्वारा बूथ अवॉर्नेस से संबंधित गतिविधियों को सफल बनाने के लिए गुमला जिले के सभी बूथों में हैसटैग '# मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' का इस्तेमाल करते हुए सखी मंडल के सदस्यों/ कैडरों एवं कर्मियों द्वारा अपने निकटवर्ती मतदान केन्द्रों में नुक्कड़ नाटक , डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता पर्ची की जाँच, रैली आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते हुए ह्लचुनाव का पर्व, देश का गर्वह्व जैसे स्लोगन के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स पर 500 से ज्यादा पोस्ट किया गया। सखी मंडल के सदस्यों द्वारा मतदान हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल, मेहंदी , रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया` इस आयोजन में जिले भर से विभिन्न बुथो में कुल 2000 से ज्यादा दीदियो ने अपनी सहभागिता की।

इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मियों, शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं तकनीकी कार्य से जुड़े कर्मियों तथा सीएससी सेंटर के भी सभी कर्मियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, एवं इस सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाया। कल 7 मई को जिले भर में एक चुनाव मई संध्या देखने को मिली, जिसमें हजारों मतदाताओं ने एक साथ चुनाव के उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी एलीना दास, डीपीएम शैलेंद्र जारिका, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार सहित अन्य संबंधितों की रही।

# बीएसएनएल टॉवर में लगे सोलर प्लेट आंधी तूफान में उड़े

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के कुरडेग प्रखंड अंतर्गत राजस्व ग्राम ढोढी में बीती रात के तेज हवा और बारिश ने बी एस एन एल टॉवर में लगे सोलर प्लेट को उखाड़ कर फेंक दिया। मंगलवार को देर शाम चली तेज हवाओं से बड़ी नुकसान हुआ है। जगह जगह पेड़ पौधे टूट गए। लगभग डेढ़ घंटे चले तूफान के दौरान तेज हवाओं के साथ जमकर बरसात हुई। बरसात से पूर्व आई तेज आंधी के चलते घरों मे धूल गर्दा जम गई वहीं गांव की विद्युत व्यवस्था भी ठप हो गई। बीती रात को आए तेज आंधी तुफान से बीएसएनएल टॉवर में लगे सोलर प्लेट उड़ गए। इस आधुनिक युग में नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे लोगों को इस सुदूरवरती ग्राम में टावर लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी थी, लेकिन प्रकृति का प्रकोप कहें या कंपनी के ठेकेदारों के लापरवाही का नतीजा, ग्रामीणों ने बताया कि टावर लगने के दरमियान कंपनी का ठेकेदारों के द्वारा बिना गड्ढा (नींव) किए ऐसे ही खंभा जोड़कर सोलर लगा दिया गया था। जिससे पहले आंधी तूफान है नहीं सह पाया और सोलर प्लेट उखड़ गया, ग्रामीणों का कहना है कि अगर नीचे थोड़ा गड्ढा कोड़ कर सोलर प्लेट लगाया गया होता तो ऐसा नहीं होता।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सिसई रोड महाराजा शोरूम के सामने से हुई पिकअप की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई रोड स्थित महाराजा शोरूम के सामने से मंगलवार की रात सिसई रोड निवासी मोहम्मद कैफ परवेज का पिकअप वाहन चोरी हो गया। मामले को लेकर पीड़ित ने गुमला थाना में चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई है। वही कहा है कि मेरी मां शबाना परवीन के नाम से पिक अप वाहन जिसका नंबर जेएच 01 डी एच 6209 है। जिसे मैं अपने व्यापार के लिए प्रयोग करता हूं। मंगलवार की रात लगभग 8:00 बजे मैं अपने पास दुकान को बंद कर अपने ड्राइवर मोहम्मद अली से दुकान के सामने पिकअप वाहन लगवा कर घर चला गया। उक्त वाहन को प्रतिदिन अपने दुकान के सामने ही लगवाता हूं। बुधवार की सुबह 7:00 बजे दुकान के पास गया तो अपना वाहन को गायब पाया। मैं अपने मोबाइल के जीपीएस जो मेरा वाहन से जुड़ा हुआ है। उसे चेक किया तो जीपीएस का आखिरी लोकेशन रात के करीब 1:15 बजे खोरा में दिखलाया। उसके बाद जीपीएस कनेक्शन कट गया है। किसी अज्ञात चोर के द्वारा वाहन को चोरी कर लिया गया है। पीड़ित ने थाना को आवेदन देते हुए अपने वाहन को बरामद करने की गुहार लगायी है।

### नये कानून को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा बार एसोसिएशन सभागार में 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' विषयक कार्यशाला सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिमडेगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित कोर्ट के सभी जजों ने आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू होनेवाले नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता2023 पर चर्चा की एवम नए कानून से जुड़े शंकाओं का समाधान किया। कार्यशाला में सीजेएम मनीष कुमार सिंह ने कहा आगामी एक जुलाई से सम्पूर्ण भारतवर्ष में नया अपराधिक कानून नाफिज हो जायेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। शिविर में प्रधान जिला एवम सत्र नयाधीश राजीव कुमार सिन्हा, जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम आशा डी भट्ट, एडीजे द्वितीय नरंजन कुमार, सीजेएम मनीष कुमार सिंह,एसडीजेएम सूमि होरो, जेएम प्रथम सुभाष बाड़ा, डीएलएसए सचिव मरियम हेमब्रोम, एलएडीसीएस पीके श्रीवास्तव, तेजबल सुभम उपस्थित थे। मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत कुमार, सचिव संजय महतो, शमीम अख्तर, जितेन्द्र अशोक, जीसी गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

### मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने जगदीश अग्रवाल की स्मृति में राहगीरों को पिलाया शरबत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा द्वारा वैशाख अमावस्या के दिन स्वर्गीय जगदीश अग्रवाल की स्मृति में राहगीरों के बीच शरबत – पानी का वितरण किया गया। उनके परिजनों के सौजन्य से मेन रोड स्थित श्री बालाजी होमियो हॉल के सामने जन सेवा के तहत करीब 500 लोगों के बीच शरबत और तरबूज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय जगदीश अग्रवाल की धर्मपत्नी विमला अग्रवाल को पर्यावरण चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, और शाखा सदस्य अंबिका अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, रेणु साबू, पूनम अग्रवाल आदि शामिल थे।

### अंजुमन ने नहीं किया है किसी प्रत्याशी का समर्थन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंजुमन फलाहुल मुस्लेमीन सिसई ने चमरा लिंडा को समर्थन देने वाली खबर से इंकार किया है। इस खबर के फैलते ही अंजुमन के पदाधिकारियों ने आपात बैठक बुलायी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदान के दिन करीब आ चुके हैं। अंजुमन फलाहुल मुस्लेमीन सिसई के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अंजुमन द्वारा किसी प्रत्याशी के समर्थन की घोषणा नहीं की गई है। इस संबंध में अंजुमन सदर सलमान अली ने कहा कि लोक सभा चुनाव में अंजुमन के द्वारा किसी भी प्रत्याशी को समर्थन की बात नहीं कही गई है। बैठक में अंजुमन सचिव समसामुल हक, महमूद अंसारी, मुबारक अंसारी, असलम अंसारी, राशिद करीमअंसारी, शाहबाज अंसारी, अमजद अंसारी, नसीम अंसारी, उमर फारूक अंसारी साहित कई लोग मौजूद थे।

# मजदूरों को मतदान करने के लिए दिया जाये अवकाश : श्रम अधीक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** श्रम अधीक्षक गुमला द्वारा, गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अधीन सभी प्रतिष्ठानों को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर झारखंड राज्य में अवस्थित सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है। जिसके तहत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन पर नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य के विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किया जाने की दशा में दी गयी होती।

यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुमार्ने से, जो 500 तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा। यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहां लोकसभा के आम चुनाव और उप चुनाव आयोजित होने वाले हैं। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी व्यापारियों और औद्योगिक संस्थानों से अपील की है, की मतदान के दिन अपने दैनिक मजदूर को अवकाश जरूर दें। ताकि वो मतदान कर सके।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए पेंशनरों की सहभागिता भी अहम : तेजपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम लोकतंत्र के महापर्व संसदीय चुनाव में जिले के सभी सीनियर सिटीजन की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष तेजपाल राम के द्वारा कहा गया की स्वस्थ और समृद्ध लोकतंत्र के निर्माण में देश के सभी मतदाताओं का यह कर्तव्य है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

बैठक में कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मी वोनिफास बेक द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए एक आवेदन दिया गया। विचारोपरांत सेवानिवृत्त कर्मी को पहले कल्याण विभाग से संपर्क करने का सुझाव दिया गया। आगे उन्हें वहां से साकारात्मक सहयोग नहीं मिलने की स्थिति में पेंशनर समाज के द्वारा पहल की जायेगी। बैठक के अंत में घाघरा प्रखंड के सेवानिवृत्त कर्मचारी शिव शंकर भगत तथा लंकेश्वर उरांव के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

बैठक में महावीर प्रसाद मिश्र, महेश प्रसाद गुप्ता,विश्वनाथ साहु, हीरालाल सिंह, बोनिफस बेक, प्रफुलित मिंज, कालीदास उरांव, जगतपाल भगत, चन्द्र नाथ प्रसाद, लीलमोहन साहु, सुरेंद्र खड़िया, शांति प्रकाश केरकेट्टा, गौरी प्रसाद, सदाशिव नंद, प्रमिला कुमारी, करोलिना एक्का, जितिया उरांव, बिरसाई उरांव एवं मिडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** योग परिवार के नेतृत्व मे लायन्स क्लब व लक्ष्य फिजिकल एकेडमिक के खिलाडियो द्वारा गुमला शहर मे लोक सभा चुनाव के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। योग परिवार ने लोकतंत्र की मजबूती और मतदाताओ के बीच मतदान प्रतिशत बढाने के लिए प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क से जशपुर रोड ,पटेल चौक, मुख्य पथ टावर चौक, डी एस पी रोड होते हुये पुनः बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क पहुंच कर समाप्त हुई। रैली मे शामिल योग परिवार, लायन्स क्लब, एवं लक्ष्य एकेडमी के सदस्य जिला निर्वाचन विभाग द्वारा मुहैय्या कराये गये टी शर्ट, टोपी पहने हुये और आगे और पीछे निर्वाचन आयोग का बैनर तथा शलोगन के साथ नारा लगा रहे थे । नारा था, पहले मतदान फिर जलपान, निर्वाचन आयोग का यह नारा है, मतदान प्रतिशत बढाना है। बुढे हो या जवान सब करे मतदान, लोकतंत्र के महापर्व मे भाग लीजिए। टावर चौक और पटेल चौक पर मतदान प्रतिशत बढाने हेतु योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने मतदान प्रतिशत बढाने हेतु उपस्थित लोगो से नुक्कड सभा के मध्यम से अपिल करते हुये कहा कि राष्ट्र के नवोत्थान के लिये मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है। देश तभी मजबूत होगा जब हम सही प्रतिनिधि का चुनाव करेगे। इस अवसर पर योग परिवार गुमला ने सभी उपस्थित सदस्यगण को सतु का सरबत पिलाकर स्वागत किया गया।

### पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए पतंजलि परिवार ने निकाली प्रभात फेरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार गुमला के द्वारा गुमला जिला के समस्त नागरिकों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत पतंजलि योग समिति गुमला के द्वारा एक प्रभात फेरी निकाली गई। पतंजलि परिवार गुमला के कार्यकर्ता उत्साहवर्धक नारा लगाते हुए गुमला जिला के विभिन्न स्थलों तक गए। और लोगों से मिलकर उन्हें 13 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी रुपेश कुमार सोनी ने इस कार्यक्रम की अगुवाई की। उन्होंने कहा मतदान करना हम सभी भारतीय नागरिकों का अधिकार एवं कर्तव्य है अतः हम सभी को स्वयं मतदान करना ही चाहिए आपके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने इष्ट मित्र एवं शुभचिंतकों सहित अपने-अपने सभी मोहल्ले वासियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान के लिए हम सभी को जागरूकता के साथ एक बेहतर प्रतिनिधि को अपने यहां से चुनकर संसद में पहुंचाना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र का विकास बेहतर ढंग से हो पाए। उन्होंने इस अवसर को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की बात कही। इस अवसर पर अन्य सभी सामाजिक संगठनों से भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने की अपील पतंजलि योग समिति ने की।

## हुंकार : बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम ने छतरपुर में ममता भुइयां के पक्ष में किया चुनावी जनसभा

# लालू जी का लड़का डरने वाला नहीं: तेजस्वी यादव

### कहा - हमारे तो भगवान ही जेल में जन्म लिये, हमलोग मोदी नहीं मुद्दे की बात करते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर हाई स्कूल मैदान में बुधवार को आइएनडीआइए गठबंधन राजद की उम्मीदवार ममता भुइयां के पक्ष में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा की। उन्होंने प्रधानमंत्री का भाषण सुनाते हुए कहा कि वे मोदी नहीं मुद्दे की बात करते हैं। कहा कि देश में सिर्फ झूठ बोला गया है। उनकी सरकार बनी तो देश में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, महिलाओं को आठ हजार रुपए महीना दिया जाएगा। गैस के सिलेंडर का दाम किया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज विरोधियों पर मुकदमा किया जा रहा है। हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा गया। उनके ऊपर कई मुकदमा किया गया। उन्होंने कहा कि मुकदमों से डर नहीं लगता है। जब लालू जी नहीं डरे तो लालू जी का लईका क्या डरेगा! जेल से किसको डर है हमारे तो भगवान ही जेल में जन्म लिए। तेजस्वी यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि आपको कुछ सुनाते हैं, तेजस्वी यादव ने करीब तीन मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्ड भाषण सुनाया। कहा कि देश के संविधान को बदलने की साजिश है, जब तक वह जिंदा है किसी में ताकत नहीं है कि देश का संविधान बदल दे।


आइएनडीआइए गठबंधन की राजद प्रत्यासी ममता भुइयां के पक्ष में सभा करते बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव।

### 2024 का चुनाव आजादी का चुनाव है : मुकेश साहनी

जनसभा को संबोधित करते हुए वीआईपी के मुकेश साहनी ने कहा कि यह चुनाव आजादी का चुनाव है। देश का संविधान खतरे में है। वर्तमान केंद्र की सरकार संविधान को नहीं मानती है और लोकतंत्र को नहीं मानती है। उनके विधायकों को खरीद लिया गया।

### कंधे के सहारे मंच पर लाये गये तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को छतरपुर और भवनाथपुर में जनसभा को संबोधित करने के लिए कंधे के सहारे मंच पर लाया गया। अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्हें चोट लगी है। डॉक्टरों ने उन्हें बैठकर भाषण देने को कहा है। यही वजह है कि वह बैठकर भाषण दे रहे हैं। इस मौके पर केडी सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, अनिता यादव, भोला यादव, धनंजय पासवान, चंदन प्रकाश सिन्हा, रविंद्र राम, सरताज खान, विजय राम, सलाउद्दीन अंसारी, बिट्टू पाठक, गौतम सागर, संजर नवाज, फैजुल हक,राजेंद्र कुमार सिन्हा, दुलाल भुइयां, राम नाथ चंद्रवंशी, रंजीत जयसवाल, कैलाश यादव, श्यामसुंदर यादव आादि मौजूद थे।

## गरीब कल्याण के नाम समर्पित मोदी सरकार : डॉ ईश्वर सागर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घसीदाग, राजखाड़, कौड़िया, गौरा, बघमनवा, घरटिया, चोरटिया, भूखला, सिगसिगी सहित दर्जनों गांव का भ्रमण करपार्टी प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। डॉ चंद्रवंशी ने लोगो को मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का गरीब कल्याण के नाम समर्पित है। जनसंपर्क के के क्रम में राजखाड़ गांव के दर्जनों बसपा समर्थक भाजपा में शामिल हुए। सभी लोगों को डॉ इश्वर सागर चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी बार-बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के नारे लगाये। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, दामोदर यादव, सुनिल कुमार चौधरी, ज्ञानचंद राम, सत्यनारायण सिंह, विनोद प्रजापति, मनोज राम, उपेन्द्र यादव, विजय गुप्ता, सुरेन्द्र राम, डब्ल्यू यादव, रणबहादुर पासवान, कवलधारी चंद्रवंशी, कृष्णा पाल, रीता देवी, किरण दूबे, अर्चना देवी, शिववंश मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

## धर्म के नाम पर समाज में विद्वेष फैलाने वालों से रहें सावधान

### आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासी के समर्थन में कांग्रेसी नेताओं ने चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमृत शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद और प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से आइएनडीआइए गठबंधन की लोस प्रत्याशी ममता भुइंया के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अमृत शुक्ला ने कहा कि भाजपा धर्म और जात के नाम पर समाज में विद्वेष फैला रही है। आम लोगों को इससे सावधान रहने की जरूरत है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की कोई योजना धरातल पर नहीं उतरी है। इसलिए भाजपा वाले विकास के बजाए मुसलमान, पाकिस्तान कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पलामू लोक सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी ममता भुइंया भारी अंतर से चुनाव जीतेंगी। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी ने आम लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि सबको साथ लेकर चलने की क्षमता सिर्फ कांग्रेस नीत आइएनडीआइए गठबंधन में है। मौके पर इंटक नेता मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, बासुदेव विश्वकर्मा, नागेंद्र चौबे, ब्रजेश चौबे, अजब नारायण शुक्ला, अकबर अंसारी, महबूब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोस चुनाव में स्वास्थ्य बेहतर रखने का निर्देश



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। जिसका संचालन बीपीएम पंकज पाण्डेय ने किया। डॉ राजेंद्र कुमार ने सभी निजी अस्पताल संचालक को लोक सभा चुनाव के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर रखने का निर्देश दिया। कहा कि चुनाव कर्मी को हर हाल में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अगर कोई चुनाव कर्मी बीमार हो जाते है तो निजी अस्पताल भी उनका मुफ्त में ईलाज करेगा। इलाज का खर्च स्वास्थ्य विभाग उठायेगा। खर्च संबंधित दस्तावेज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय में जमा करना होगा। चुनाव के दिन 13 मई को इमरजेंसी सेवा हर हाल में बहाल रहनी चाहिए। उन्होंने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम,माता का मृत्यु, शिशु मृत्यु,परिवार नियोजन और सभी तरह के ऑपरेशन से संबंधित से मासिक प्रतिवेदन हर माह जमा कराने का भी निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एमएम प्रसाद,डॉ,धीरज कुमार,डॉ विश्वजीत सिंह, एसटी विनोद तिवारी, निजी अस्पताल संचालक सफीर अंसारी और डॉ वकील रजा आदि मौजूद थे।

## सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी : शशि रंजन

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी और एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा के लिये मतदान होना है। इसी के निमित बुधवार को टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन व एसपी रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। वहीं, एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, मेदिनीनगर, छतरपुर, हुसैनाबाद के तीनों एसडीओ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 13 मई को मतदान को लेकर पलामू जिले में 10 बूथ रीलोकेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिये 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पलामू जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है जिससमें छतरपुर विधानसभा अंतर्गत डुणडूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर बने मतदान केंद्र को तारडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। वहीं, छतरपुर विधानसभा अंतर्गत रतनाग उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगड़ा में शिफ्ट किया गया है। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग को नव सृजत प्राथमिक विद्यालय खडार में रीलोकेट किया गया है। जबकि हुसैनाबाद विधानसभा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उतर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय,मोहम्मदगंज,उ.भाग में रिलोकेट किया गया है। वहीं, हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत प्रतापपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र को स्त्रो.उ.वी. महुदण्ड,उत्तरी भाग में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत लोहबणदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को स्त्रो.उ.वि. महुदण्ड,द.भाग में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत हरता उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजका में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत राप्रावि तूरेर में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी 'च' में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रावि कूटकु में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी 'च' में रीलोकेट किया गया है। वहीं, डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रा.वि खटाई टोला सनेया में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी 'च' में रीलोकेट किया गया है।

## ममता भुइयां को जिताने का लिया गया संकल्प



### हुसैनाबाद में राजद के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक के समीप बुधवार को पलामू लोस की आइएनडीआइए गठबंधन की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी ममता भुइयां के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, प्रदेश महासचिव सह वरीय युवा नेता रवि कुमार यादव, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मोहम्मद जाकिर अली उर्फ राज अली, मुखिया श्रवण राम, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने राजद प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने को लेकर संकल्प लिया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइया के पक्ष में लोग गोलबंद हो रहे है। निवर्तमान सांसद पलामू की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रहे हैं। इस बार क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि 10 मई को पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव व मुकेश साहनी हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता से हजारों की संख्या में शिरकत करने की अपील की है। मौके पर राजद नेता नगीना मेहता, राजेश यादव, रामस्वरूप मेहता, अंबिका सिंह, पृथ्वी नाथ पांडे, विजय गुप्ता, विजय मेहता, जमील अंसारी, सिबतेंन मिर्जा आदि उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर में महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ की हुई भव्य लांचिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स में एसबीआई के चीफ मैनेजर लोकेश चंद्र, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने बुधवार को महिंद्रा की एक्सयूवी 3एक्सओ का संयुक्त रूप से अनावरण किया। इस एक्सयूवी में बेहतरीन इंटीरियर और कई नए फीचर्स के साथ बदलाव देखने को मिला। 360 डिग्री कैमरा, बड़ा इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर और काफी सेफ्टी फीचर्स के साथ ही बेहतरीन लुक-डिजाइन और आकर्षक कलर ऑप्शन के साथ आई एक्सयूवी 3 एक्सओ की शुरूआती हुई, जिसका एक्स शोरूम कीमत 7.49 लाख रुपये है। यह 8 आकर्षक रंग के साथ पेश किया गया है। इसके रियर में इनफिनिटी एलईडी टेललैंप दिए गए हैं, जो कि कनेक्टिंग लाइटिंग बार के साथ काफी आकर्षक दिखती इसमें 17 इंच की अलॉय व्हील दी गई है। फीचर्स के मामले में सेगमेंट की बाकी गाड़ियों के मुकाबले काफी एडवांस रखा गया है। इस कॉम्पैक्ट एसयूवी में मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, इन्फोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के लिए 10.25 इंच की दो-दो स्क्रीन, हरमन कार्डन का प्रीमियम ऑडियो सिस्टम, एम्प्लीफायर और सब-वूफर, ब्लाइंड व्यू मॉनिटर से लैस 360 डिग्री सराउंड व्यू सिस्टम, वायरलेस चार्जर, रियर सीट के लिए आर्मरेस्ट और अडजस्टेबल हेडरेस्ट समेत काफी सारी खूबियां हैं। इस मौके पर महिंद्रा फाइनेंस के भास्कर झा, राजेश पांडे, चोलामंडलम फाइनेंस के हेमंत कुमार, एचडीबी के नवीन कुमार, चेंबर के कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दूबे, आलोक माथुर, अरविंद भसीन, सुमित अग्रवाल, सुनील गुप्ता आदि ग्राहक उपस्थित थे। आनंद मोटर्स के प्रमोद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह ने किया। आनंद मोटर्स के रवि सिंह, निखिल कुमार, आलोक राज, गणेश प्रसाद, राजमणि विश्वकर्मा, माणिक वर्मा, कृति सिन्हा एवं श्वेता सिंह उपस्थित थीं।

## स्पोर्ट्स



ओलंपिक और विश्व चैंपियनशीप भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं।

### पिछले तीन वर्षों में पहली बार घरेलू टूर्नामेंट खेलते दिखेंगे नीरज

# फेडरेशन कप में लेंगे हिस्सा नीरज चोपड़ा

### 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने जा रहा राष्ट्रीय फेडरेशन कप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस टूर्नामेंट के जरिये वह घरेलू टूर्नामेंट में वापसी करेंगे। यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा, जब यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। नीरज ने इससे पहले पिछली बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरूआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया कि टूर्नामेंट के लिए नाम देने वालों में नीरज चोपड़ा और भारत के दूसरे स्टार भाला फेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना दोनों के नाम हैं। दोनों भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोऊ एशियाई खेलों में नीरज के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। नीरज ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते। 2022 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज ने रजत पदक हासिल किया था। हालांकि, नीरज अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। हालांकि, वह कई बार बयान दे चुके हैं कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और आगामी फेडरेशन कप में नीरज 90 मीटर के आंकड़े को छूने की कोशिश करेंगे।

## धनबाद जिले में ऐतहासिक होगा महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती समारोह : अमन




आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती दिवस समारोह चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में गुरुवार को मनाया जाएगा, जिसकी भव्य तैयारियों को लेकर राजपूत एकता मंच के सदस्य जोर शोर से लगे हुए है। मंच के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर निरसा, पंचेत, मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा, मुगमा, बेलचाड़ी, खुदिया फाटक आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर समाज के गणमान्यों व बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं मंच द्वारा राजपूत समाज के लोगों को जोड़ने के लिए लिंक भी शेयर किया गया है। अमन सिंह ने बताया कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी की जयंती पर क्षत्रिय समाज को मजबूती प्रदान करने को लेकर क्षत्रिय सम्मेलन किया जा रहा है। अपने मान सम्मान की रक्षा के लिए धनबाद जिले में क्षत्रिय आज भी सक्षम है। पर आपसी एकजुटता की कमी के कारण हमें समाज की अंतिम पंक्ति में धकेला जा रहा है। इसे राजपूत समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। क्षत्रिय सम्मेलन में इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन पूरे घनबाद जिले के लिए ऐतिहासिक होगा ।

### एनडीए प्रत्याशी ने बैदकारो में चलाया जनसंपर्क अभियान, की मतदान की अपील

# तीसरी बार पीएम बनते ही नरेंद्र मोदी बदल देंगे देश की तस्वीर: चंद्र प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बैदकारो/बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने बैदकारो पंचायत सहित आसपास के दर्जनों गांवों में बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान सीपी चौधरी बैदकारो पूर्वी के मुखिया सीमा महतो के आवास पहुंचे। यहां मुखिया सीमा महतो, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने सीपी चौधरी का स्वागत किया। वहीं एनडीए के पक्ष में समर्थन का भरोसा दिया। जनसंपर्क अभियान को संबोधित करते हुए आजसू के प्रत्याशी सीपी चौधरी ने कहा की देश आज सुरक्षित हाथों में है। मोदी जी के जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे तो कई योजनाएं है, जो भारत का तस्वीर बदल देगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित और सामाजहित के लिए समर्थन करें। मैंने सेवा भाव से हमेशा राजनीतिक किया है। गिरिडीह के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, हरिश्चंद्र झा, बुच्चू सिंह, संतोष महतो, शक्ति प्रसाद महतो कार्तिक महतो, दीपक महतो, लौकी महतो और वीरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।



जनसंपर्क कर मतदाताओं ने अपने पक्ष में मतदान की अपील करते सीपी चौधरी।

## प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी चलाया जनसंपर्क अभियान, साथ थे भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोडरमा लोकसभा की प्रत्यासी अन्नपूर्णा देवी (केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री) और पूर्व आईजी भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को राजधनवार विधानसभा केंद्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से भाजपा को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इस दिन अन्नपूर्णा देवी नीमाडीह, घोड़थंबा, एटोचांच, कुबरी, ठाकुरवारी, कोषमाही, गोरहन्द, पिपराडीह, चट्टी, नावागढ़, ठाकुरबारी के माधोपुर, हेमरोडीह, केंदुआ, मंशाडीह, कैलाढाब, परसन, खिजरसौता, अरगाली, गादी, बरजो, धनवार, पचरुखी, मोदीडीह, गोदोडीह, भूलटांड़, डोरंडा और बलहरा आदि क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों ने भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

**(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand)**
**Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand,Phone. 0651 – 2401044 & 2401067 eMail: japit_doit@rediffmail.com**

**Corrigendum – IV**
**eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024**
**PR No.: 323955 Information Technology (24-25):D**

As per site survey (Hon'ble High Court, Jharkhand) held on 20.04.2024 & 25.04.2024 and follow-up presentation delivered on 26.04.2024 at JAP-IT by different prospective bidders, Corrigendum – IV" is being published, which may be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and same is also available on https://jharkhand.gov.in & https://japit.jharkhand.gov.in.
During the presentation, different prospective bidders have submitted their solution architecture and other respective documentation, some of the requests have been made. Accordingly, some points have been considered, which are as under:

| Sl. No. | Tender Clause No. | Tender Clause | Revised Tender Clause |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Clause No.: 5.2 (Bidder's Eligibility Criteria) | Average Annual Turnover from IT related business in last three (03) financial years ending on 31.03.2023 should be minimum of INR Thirty (30) Crores per year and must have been a profit-making organization for last three (03) financial years ending on 31.03.2023 | Average Annual Turnover from IT related business in last three (03) financial years ending on 31.03.2023 should be minimum of INR Thirty (30) Crores per year and must have been a profit-making organization or must have a positive net-worth for last three (03) financial years ending on 31.03.2023 |
| 2. | Switch Technical Specifications (Type -1 & 2) | MTCTE From TEC | Valid MTCTE Certification is required for Type – 1 & 2 Switches. Please refer https://www.mtcte.tec.gov.in/aboutMTCTE for necessary compliances. |

Other terms & conditions remains same as per published RFP.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 324555 Information Technology(24-25).D

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत का भविष्य सुरक्षित है : उमेश गोस्वामी



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस के धनबाद जिला की ओर से बलियापुर प्रखंड के समलपुर पंचायत में गंगाधर महतो के घर पर प्रह्लाद चंद्र महतो की अध्यक्षता में बुधवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान आयोजित बैठक में रामप्रवेश महतो को बलियापुर प्रखंड का अध्यक्ष चुना गया। इसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को पट्टा देकर शामिल कराया। साथ ही लोकसभा चुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो को वोट देकर विजयी बनाने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत का भविष्य सुरक्षित है। इसलिए हम सभी अपना एक-एक वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को देकर विजयी बनाना होगा। इस मौके पर प्रकाश महतो, गंगाधर महतो, गोविंद महतो, रमेश कुमार, रूपेश कुमार महतो, अजीत महतो, सरोज महतो, रामप्रवेश महतो, संजीत कुमार महतो, मिंटू कुमार यादव, सूरज महतो आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन



बोकारो (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। इस अवसर पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो मुमताज अंसारी, बोकारो सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान 25 मई को होना है। इसमें कुल 6860 मतदान कर्मियों (पुरूष), 198 (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी-1, 2, 3 मतदान कर्मी आदि शामिल हैं।

## नगर महिला कांग्रेस ने अनुपमा सिंह के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के समर्थन में धनबाद नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पूनम देवी ने बुधवार को हीरापुर, अंबेडकर नगर, विनोद नगर, भिस्तीपाडा, गजुवाटांड, शिव शक्ति नगर नियर लॉ कॉलेज और लाहबनी धैया आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से अनुपमा सिंह के पक्ष में भारी मतदान कर जीत सुनिश्चित करने की अपील की। कहा कि धनबाद लोस से अगर अनुपमा सिंह जीतती हैं, तो वे लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगीं। जिस तरह अनुपमा सिंह ने लोगों का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है यह देख विश्वास हो रहा है कि अनुपमा सिंह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगीं। कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है। भाजपाई झूठा आश्वासन देकर केवल छलावा करते हैं। अनुपमा सिंह पीड़ितों के पक्ष में लड़कर उन्हें न्याय दिलायेंगीं। मौके पर संजू देवी, मुन्नी देवी, गीता देवी, शकुंतला देवी, आशा देवी, जया कुमारी, प्रिया कुमारी, वर्षा कुमारी, ममता देवी, रानी देवी, सोनी देवी आदि उपस्थित थीं।



## सामान्य प्रेक्षक ने किया पोस्टल बैलट सुविधा केंद्र का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगे आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित मतदान सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने सुगम चुनाव संपन्न कराने एवं पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दिन निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में बने सुविधा केंद्र में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू लोकसभा क्षेत्र में चुनावी कार्य में लगे कर्मी और आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी सुविधा केंद्र पर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान का समय निर्धारित है।



## धनबाद में प्रेमी युगल की गला रेतकर हत्या का प्रयास, लड़की की मौत, लड़का गंभीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में बुधवार को धारदार हथियार से गला रेतकर प्रेमी युगल की हत्या किये जाने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में युवती की मौत हो चुकी है, जबिक युवक को घायल अवस्था में बरामद कर अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में यादवपुर उत्क्रमित हाई स्कूल में इंटर के विद्यार्थी हैं। दोनों अलग-अलग जाति के हैं। बुधवार को हाई स्कूल के बगल में एक निमार्णाधीन फैक्ट्री के पास युवती का शव बरामद हुआ। पास में ही युवक को गंभीर अवस्था में बरामद किया गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद एफएनएमसीएच भेजा गया है। खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी शंकर कामती भी पहुंच गए। बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।

## तांतरी में महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाल कर किया जागरूक

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी व दक्षिणी पंचायत में महिलाओं ने कैंडल मार्च निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कैंडल मार्च में चल रहे लोगों ने मतदान करने को लेकर पहले मतदान फिर जलपान, मतदान करना मेरा अधिकार के नारे लगा रहे थे। मुखिया गिरेंद्र मिश्रा व शांति देवी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है। मतदान कर लोग पांच वर्ष के लिए अपनी सरकार चुनते हैं। मतदाताओं को जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और दूसरे को भी प्रेरित करना चाहिए, ताकि ईमानदार व स्वच्छ छवि के नेता देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। इस मौके पर पंसस ललित नारायण, माधुरी देवी, गायत्री देवी, अपर्णा देवी, राजकुमारी, ममता देवी, रेणु देवी, कौशिल्या देवी, मीना देवी, संगीता देवी, सुमी देवी, विश्वनाथ मंडल आदि मौजूद थे।

### 'चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां' पर प्रशिक्षण आयोजित

# मतदाता भयमुक्त होकर मतदान केंद्रों तक पहुंचें यह जिम्मेदारी पुलिस की है: रजत मनी बाखला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर 'चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां' विषय पर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान पुलिस को आम जनता में निडर होकर मतदान करने का विश्वास बढ़ाना है। मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांग या गर्भवती महिला को सहायता प्रदान कर शीघ्र मतदान करवाना है। उन्होंने मतदान के दिन विधि व्यवस्था और उससे जुड़ी गाइडलाइंस की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले ईवीएम प्राप्त कर सीधे मतदान केंद्र तक और मतदान समाप्त होने के बाद पोल्ड ईवीएम को सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक लाना है। इस दौरान रूट चार्ट का पालन करना है। उन्होंने विभिन्न पुलिस शब्दावलियों के बारे में भी विस्तार से समझाया। वहीं, निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मनी बाखला ने पुलिस पदाधिकारियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता मतदान केंद्र तक भयमुक्त होकर आए, यह पुलिस की जिम्मेदारी है। मतदान के दिन ईवीएम की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। मतदान केंद्र के आस पास अनावश्यक भीड़ ना लगने दे। वहीं मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद पुलिस के कार्य एवं दायित्व और संजय कुमार ने डिस्पैच और कलेक्शन सेंटर की जानकारी दी। मौके पर सभी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, दयामय गोराई, कुमार वंदन व कौशिक मौजूद थे।




**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, गुमला**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**

**सूचना**

12–लोहरदगा (ST) संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव–2024 के निमित्त मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय पुग्गु, गुमला में दिनांक–03.05.2024 से 07.05.2024 तक विधानसभावार एवं पार्टीवार निर्धारित था। परन्तु निर्धारित प्रशिक्षण में निम्न मतदान कर्मी अपने प्रशिक्षण सत्र से अनुपस्थित पाये गये जो उनकी लोकसभा चुनाव के कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक हैं। अतः इनके विरूद्ध R.P.ACT 1951 तथा भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।

**अनुपस्थित कर्मियों की सूची :–**

| | | DATE - 03.05.2024 | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री बुधदेव पहान | SDEO, Gumla | 67-0064 | P3 |
| 2 | श्री हिरन असुर | BEEO, Dumri | 67-0043 | P2 |
| 3 | श्री अनुप बघेरा | CO, Dumri | 67-0032 | P1 |
| 4 | श्री बिरसाई असुर | ITDA,Gumla | 67-0163 | P3 |
| 5 | श्री इसहाक खेस | BEEO, Chainpur | 67-0194 | P3 |
| 6 | श्री भैयाराम लोहरा | BEEO, Chainpur | 67-0200 | P3 |
| 7 | श्री जीवन ठिठयो | ITDA,Gumla | 67-0117 | P3 |
| 8 | श्री बिजय सोरेंग | BEEO, Gumla | 67-0123 | P1 |
| 9 | श्री राजधानी उरांव | BEEO, Bishunpur | 67-0101 | P3 |
| 10 | श्री धरमू कुजूर | BEEO, Dumri | 67-0273 | P2 |
| 11 | श्री बलदेव चीक बड़ाईक | Nagar Parishdh, Gumla | 67-0263 | P3 |
| 12 | श्री युगेश्वर सिंह | BEEO, Gumla | 67-0263 | P2 |
| 13 | श्री सुभाष भगत | ITDA,Gumla | 67-0230 | P1 |
| 14 | श्री फुलजेन्स तिर्की | BEEO, Dumri | 67-0170 | P2 |
| | | DATE - 04.05.2024 | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्रीमती राधा रानी | DEO GUMLA | 68-0040 | PR |
| 2 | श्रीमती लीला कुमारी | BEEO BISHUNPUR | 69-0015 | P3 |
| 3 | श्री मंगल उरांव | BEEO SISAI | 68-0011 | P2 |
| 4 | श्री अजय कुमार | CO OFFICE SISAI | 68-0011 | PR |
| 6 | श्री सोबरन साहु | BDO OFFICE GUMLA | 69-0009 | PR |
| 7 | श्री महाबीर उरांव | SDEO GUMLA | 69-0032 | P1 |
| 8 | श्री गोविन्द उरांव | CO OFFICE SISAI | 69-0037 | P3 |
| 9 | श्री बुद्धू उरांव | BDO OFFICE BHARNO | 69-0042 | P1 |
| | | DATE - 05.05.2024 | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री ननकु सुरीन | BEEO KAMDARA | 68-0037 | P3 |
| 3 | श्री शिवधनी भगत | BEEO BISHUNPUR | 68-0101 | P3 |
| 4 | श्री रघुनाथ भगत | BEEO GHAGHRA | 68-0229 | P2 |
| 5 | श्री रामकेश्वर खेरवार | BEEO BISHUNPUR | 68-0232 | P3 |
| 6 | श्री रामु असुर | BEEO BISHUNPUR | 68-0247 | P3 |
| 7 | श्री जगेश्वर उरांव | BEEO SISAI | 68-0253 | P2 |
| | | DATE - 06.05.2024 | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री अर्पित सुरीन | SDO, Gumla | 69-0077 | P1 |
| 2 | श्री सत्येन्द्र असुर | ITDA,Gumla | 69-0081 | P3 |
| 3 | श्री फिलिप मिंज | BOI, Raidih | 69-0095 | P3 |
| 4 | श्री रामकृष्णा साहु | CO, Palkot | 69-0098 | P1 |
| 5 | श्री सुनील संजय बाड़ा | BEEO, Chainpur | 69-0106 | PR |
| 6 | श्री गदाधर सिंह | BEEO, Palkot | 69-0072 | P3 |
| 7 | श्री जयकिशोर भगत | CHC, Bharno | 69-0132 | P1 |
| 8 | श्री बुधराम उरांव | BEEO, Gumla | 69-0139 | P2 |
| 9 | श्री कमल किशोर महतो | B.N. Jalan College | 69-0140 | P1 |
| 10 | श्री राजकुमार पुरन | DEO, Gumla | 69-0145 | P1 |
| 11 | श्री बहुरन गोप | BEEO, Gumla | 69-0153 | P2 |
| 12 | श्री प्रभाकर असुर | ITDA,Gumla | 69-0166 | P3 |
| 13 | डॉ0 मो0 शाहीद | DRDA, Gumla | 69-0168 | P2 |
| 14 | श्री सुनील भगत | DEO, Gumla | 69-0174 | P1 |
| 15 | श्री लौखंड सिंह | BEEO, Palkot | 69-0234 | P3 |
| 16 | श्री संदेश मिंज | DAO, Gumla | 69-0257 | P2 |
| 17 | श्री सुभाष ओहदार | BEEO, Palkot | 69-0275 | P3 |
| 18 | श्री दिनेश चन्द्र पहान | BDO, Basia | 69-0291 | P |
| | | DATE - 07.05.2024 | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री अजीत कुमार कुजूर | BEEO, Dumri | 67-0283 | P1 |
| 2 | श्री लक्ष्मण उरांव | BEEO, Chainpur | 67-0304 | P3 |
| 3 | श्री कारलूस लकड़ा | BDO, Palkot | 67-0311 | P1 |
| 4 | श्री रकीब अंसारी | SDEO, Gumla | 67-0325 | PR |
| 5 | श्री रामलाल उरांव | BEEO, Chainpur | 67-0325 | P3 |
| 6 | श्री मरियानुस असुर | Soil Conservation Office,Gumla | 69-0329 | P3 |
| 7 | श्री राजेन्द्र सिहं | BEEO, Chainpur | 69A-0356 | P1 |
| 8 | श्री जेरोम मरियानुस खलखो | SBI, Gumla | 69A-0341 | PR |
| 9 | श्री आले हसन | CHC, Raidih | 69-0209 | PR |
| | | स्पेशल ट्रेनिंग (महिला के लिए) में अनुपस्थित कर्मी की सूची | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्रीमती सुनीता उरांव | | 67-0004 | P1 |
| 2 | श्रीमती फलजेंसिया बिलुंग | | 68-0036 | P3 |
| | | Helidroping के अनुपस्थित कर्मी | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री सुखलाल खेरवार | BDO, Peshrar | | |

प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, गुमला। वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग–सह–अपर समाहर्त्ता, गुमला।

PR.NO.324542 Election(24-26):D

## न्यूज रील्स

### भुवनेश्वर हवाई अड्डे से 3.77 किलो सोना जब्त

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर हवाईअड्डे से दुबई से आ रहे 4 लोगों के पास से सोना जब्त किया गया। इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है कि सोना कहां जा रहा था। उनके पास से तरल सोने के बारह कैप्सूल बरामद किए गये। सोने की कीमत 2.79 करोड़ रुपये है। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे आगे की पूछताछ कर रही है। सूचना मुताबिक यात्री पिछली 6 तारीख को भुवनेश्वर पहुंचे और तरल सोने की तस्करी करने के प्रयास के संदेह में उन्हें हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गयी। तरल सोने की तस्करी करने की कोशिश करते हुए, वे इसे कैप्सूल के माध्यम से अपने मलाशय में डालकर दुबई से लाए थे।

### 9 माओवादियों का आत्मसमर्पण



**भुवनेश्वर।** बौध पुलिस को बड़ी सफलता। बौध कंधमाल के सीमावर्ती जंगल में पुलिस एसओजी और बीएसएफ का सर्च ऑपरेशन कुछ दिनों से लगातार जारी है। इस बीच आज 9 माओवादियों ने दक्षिणांचल आईजी के सामने सरेंडर किए है। आत्मसमर्पण करने वाले 9 माओवादियों में से दो महिलाएं हैं। सभी माओवादियों के घर छत्तीसगढ़ राज्य के दांतेबाड़ा जिले के है। ये सभी केकेबीएन से जुड़े थे। सरेंडर करने के बाद पंकज ने बताया है कि उन्हें सरकार के नियमानुसार शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास मुहैया करायी जायेगी।

# ओड़िशा के विकास पर कांग्रेस और बीजेडी ने रोक लगायी : विष्णु देव साय

**ओड़िशा में सीएम साय ने दो जनसभाओं को किया संबोधित, भाजपा प्रत्याशी के लिए की वोट अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कोरापुट नवरंगपुर प्रकृति की गोद में बसा ओड़िशा राज्य प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों से परिपूर्ण है। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन इस अमीर राज्य को लूट-लूट कर खोखला करने का काम पहले की कांग्रेस सरकार ने किया और अब वर्तमान की बीजू जनता दल की सरकार ने यहां के विकास को पूर्णतः रोक दिया। ओड़िशा वासी इस बार राज्य की प्रगति के लिए, यहां रोजगार के लिए, शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में अपनी तूफानी जनसभाओं के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज ओडिशा के आदिवासी बाहुल्य जिले, इंद्रावती नदी के किनारे स्थित कोरापुट और नवरंगपुर में धुंआधार सभाएं लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाया और जनता से उनके लिए वोट देने का आग्रह किया। साय ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में 55-60 वर्षों तक एक छत्र राज किया और अनेकों राज्यों में वर्षों-वर्षों तक राज किया। लेकिन लूट-लूट कर देश को खोखला करने का काम किया। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस के शासनकाल में जितने भी प्रधानमंत्री हुए लगभग सबके ऊपर कोई न कोई घोटाले का आरोप है। राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाला जैसा बड़ा आरोप है। तो वहीं मनमोहन सिंह की सरकार में ऐसा कोई भी दिन नहीं था, जब घोटाले की नयी-नयी खबर अखबार में न आती हो कोयला घोटाला, 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला इसके उदाहरण हैं। सीएम साय ने बीजद सरकार को घेरते हुए कहा कि यहां के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ऊपर जनता ने दिल खोल कर विश्वास किया और लगातार कई वर्षों तक उनकी सरकार बनाई। वर्तमान में भी बीजद सरकार सत्ता में है। लेकिन ओड़िशा के विकास को नवीन बाबू की सरकार ने रोक दिया है। जनता के साथ विश्वासघात करने का काम बीजद सरकार ने किया है। उन्होंने जनता से कहा कि पिछली बार आपने ओडिशा से भाजपा पार्टी को छः सांसद जिताकर दिए। इस बार उससे ज्यादा सांसद जिताकर मोदी जी को देना है, साथ में ओडिशा के द्रुत गति के विकास के लिए प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनानी है। जिससे कि डबल इंजन सरकार के बनने से विकसित ओड़िशा का मार्ग प्रशस्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी तपती गरमी में आप लोग भाजपा को समर्थन देने आए हैं, जिससे स्पष्ट है कि ओडिशा से बीजद और कांग्रेस का खात्मा तय है। उन्होंने कांग्रेस और बीजद को कोसते हुए कहा कि दोनों पार्टियों ने ओडिशा को धोखा देने, लूटने का काम किया है। यहां के संसाधनों को खोखला करने का काम किया है। इस बार इनको सबक सिखाना है, भाजपा को जिताना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए विष्णु देव साय ने कहा कि ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। मोदी जी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाया। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बने इसका चुनाव है। साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य था कि 2014 में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में एक सांसद-राज्यमंत्री के रूप में मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ कार्य करने का अवसर मिला। मैंने करीब से देखा कि मोदी जी की पहली प्राथमिकता में देश के गरीबों का विकास है, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मोदी जी ने गरीबों को आवास, गैस-सिलेंडर, जनधन बैंक खाता और शौचालय देने का काम किया। 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े-बड़े वादों को पूरा किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया, कश्मीर से धारा 370 को शांतिपूर्वक हटाया, ट्रिपल तलाक जैसे जटिल कानून को हटाकर मुस्लिम माताओं-बहनों संग न्याय किया। मोदी जी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, सबको समृद्ध बनाया। आज भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए हमें पुनः उनको प्रधानमंत्री बनाना होगा, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूं।

## आत्मीय स्वागत के लिए जनता का जताया आभार

मुख्यमंत्री ने नवरंगपुर लोकसभा के अंतर्गत दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया। जहां जनता द्वारा मिले आत्मीय प्यार और स्वागत से वो अभिभूत दिखे। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार जताया और कहा कि छत्तीसगढ़ और ओड़िशा एक अच्छे पड़ोसी राज्य हैं। दोनों राज्यों की संस्कृति, खानपान, वेशभूषा, नृत्य और अन्य चीजों में काफी समानता है। छत्तीसगढ़ में भी काफी संख्या में उत्कल समाज के लोग निवास करते हैं। आज यहां आया हूं तो यहां के चाचा-चाची, भैया-भाभी, मामा-मामी सबको मेरा जोहार, सबको मेरा नमस्कार। उन्होंने कहा कि मैं एक आदिवासी क्षेत्र में आया हूं, अपने सगा-समाज के बीच आया हूं तो आप सबको भी मेरा जोहार। आप सभी ने जो आत्मीय स्वागत किया उसके लिए हृदय से आभार। कहा कि जब भी ओड़िशा आता हूं, यहां की जनता से बहुत प्यार मिलता है।

# लक्ष्मण सिंह ने किया भाजपा के चुनावी कार्यालय उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां गिरिडीह।** गावां मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी का चुनावी कार्यालय बुधवार की सुबह में टिकेट गढ़ में खोला गया। जिसका उद्घाटन पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं संग बैठक करते हुए भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हम लोग चुनावी कार्यक्रम में अब पूरी तरीके से प्रवेश कर चुके हैं। हम लोगों को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जिनका डंका देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और सभी सम्मानित कार्यकर्ता सभी आज से ही अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में लग जाएं और प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाकर अन्नपूर्णा देवी को फिर से एक बार सांसद बनायें। उन्होंने कहा कि जो 70 साल के कार्यकाल में नहीं हुआ था उसे 10 साल के कार्यकाल में ही हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने करके दिखाया है। देश के संपूर्ण इलाकों में विकास की बयार बही हुई है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव अन्नपूर्णा देवी और विनोद सिंह के बीच का चुनाव नहीं है बल्कि यह देश का चुनाव है। उन्होंने कहा कि अपील करता हूं कि विशेष कर मातृ शक्ति से कि वह बूथ तक व चूल्हा तक जा जाकर अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाएं। मौके पर मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, भगवान दास बरनवाल, ललित पांडेय, अंकज सिंह, वेदप्रकाश, बबलू साहा, यशवंत सिंह, मदन बढई समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कर्नाटक पुलिस ने जेपी नड्डा को किया समन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक पुलिस ने बुधवार को एक विवादित पोस्ट मामले में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और आइटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को समन किया है। यह पोस्ट 4 मई को भाजपा कर्नाटक ने ट्विटर हैंडल से पोस्ट की थी। इसके बाद कर्नाटक कांग्रेस ने नड्डा, मालवीय और कर्नाटक भाजपा यूनिट के प्रमुख बीवाइ विजयेंद्र के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी थी। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये एससी-एसटी समुदाय के लोगों को डराने की कोशिश की है, ताकि वे एक खास कैंडिकेट के लिए वोट न करें। इसके बाद चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया से इसे हटाने को कहा था। ने बुधवार को उसे हटा दिया।

# सम अस्पताल ने अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह मनाया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल को राज्य सरकार द्वारा लगातार 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ बीएसकेवाई अस्पताल के रूप में मान्यता दी गयी है और कोरोना महामारी के दौरान उपचार और प्रबंधन के मामले में इसे सर्वश्रेष्ठ कोविड अस्पताल माना गया है। हालांकि, अस्पताल को ये सभी प्रतिष्ठा दिलाने में डॉक्टरों और नर्सों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार ने कहा। आइएमएस और सम अस्पताल द्वारा मंगलवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नर्स सप्ताह समारोह में प्रो सामंतसिंहार ने कहा कि जहां डॉक्टर रोगियों की जांच, निदान और उपचार करते हैं, वहीं नर्सें चौबीसों घंटे रोगियों की सेवा करती हैं। इसलिए उनका काम बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राज्य सरकार के नर्सिंग विभाग के निदेशक डॉ आर्तबंधु नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कहा कि 12 मई को नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है और कहा कि स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में नर्सों का योगदान अद्वितीय है।

उन्होंने कहा कि इन्हें बढ़ावा देना सभी की जिम्मेदारी है। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी बी के नमिता ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और तनाव परिचलना के महत्व और इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बात की। आइएमएस और सम अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक मिनती मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया और स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। अतिरिक्त नर्सिंग अधीक्षक शोभामंजरी सामल ने इस अवसर पर संबोधित किया जबकि उप नर्सिंग अधीक्षक निरुपमा दुगर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

इस अवसर पर नर्स सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विभागों के सभी नैदानिक और गैर-नैदानिक प्रमुखों, सभी डीएनएस, एएनएस, नर्सिंग अधिकारियों, प्रशिक्षुओं और छात्राओं ने भाग लिया।

**एअर इंडिया एक्सप्रेस मामले में एविएशन मिनिस्ट्री ने मांगी रिपोर्ट**

# 200 क्रू-मेंबर्स एक साथ छुट्टी पर 90 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस की 90 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के मामले में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन से तेजी से मामले का समाधान करने को कहा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 से ज्यादा सीनियर क्रू-मेंबर्स के एक साथ छुट्टी पर चले जाने के कारण इस तरह की स्थिति बनी है। इन्होंने बीमारी को वजह बताकर छुट्टी ली है। हालांकि प्राप्त जानकारी के अनुसार केबिन क्रू मेंबर मिसमैनेजमेंट का विरोध कर रहे हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच विवाद बढ़ने से लगभग एक हफ्ते पहले रीजनल लेबर कमिश्नर ने एयरलाइन को पत्र लिखा था। इसमें कहा था कि शिकायतें वास्तविक है और एचआर डिपार्टमेंट ने सुलह अधिकारी को गुमराह करने की कोशिश की। फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे केबिन-क्रू ने मंगलवार रात अचानक बीमार होने की सूचना दी है, जिसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गयी हैं। हम क्रू से बातचीत कर रहे हैं ताकि यात्रियों की असुविधा कम हो सके। एयरलाइन ने बताया कि उड़ानें रद्द होने से प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान को री-शेड्यूल्ड कर सकेंगे। इसके अलावा, प्रवक्ता ने बुधवार को एयरलाइन से उड़ान भरने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी, ताकि वे फ्लाइट कंफर्म कर सकें।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in



कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा

प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN

Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773

302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01

Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883

9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

Certified with

Franchise Benefit

- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE

For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908

Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com

Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908

Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045

Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop

Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)

Mob. 7503729696, 9205624569

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!

झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला

अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला

Date : 08.04.2024 से

Time : 4 -10 PM

Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi

विशेषताएं

- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715

Organiser : Krishna Kumar Shaw



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**